**रोहतक**

**गुरुवार 9 जुलाई 2026**

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी/दसवीं वर्ष : 30, अंक : 155
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम** हरियाणा
अधि. 36.2°C
न्यून. 23.5°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच



# इंडोनेशिया के सबसे बड़े प्रम्बानन मंदिर पहुंचे मोदी

**पीएम बोले-मुझे हमेशा शिव से जुड़ने का सौभाग्य मिला**

## राष्ट्रपति सुबियांतो और मोदी ने मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन भी किया

**जकार्ता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित देश के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन पहुंचे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उनके साथ गए। दोनों ने मंदिर के संरक्षण-जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन किया। पीएम ने मंदिर में दर्शन भी किए। उन्होंने मंदिर परिसर में कहा-मुझे किसी न किसी रूप में हमेशा भगवान शिव से जुड़ने का मौका मिला है। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ धाम और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद प्रम्बानन मंदिर के विकास का मौका मिलना मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा-मेरा जन्म वडनगर में हुआ, जहां हाटकेश्व महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है। गुजरात में मुझे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के विकास की जिम्मेदारी मिली। मेरी राजनीतिक कर्मभूमि काशी है, जहां काशी विश्वनाथ का आशीर्वाद हमेशा मिला।

(ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम मोदी-पेज 5 पर)

### एक हजार साल पुराना मंदिर

- इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर योग्याकार्ता के पास स्थित प्रम्बानन मंदिर दक्षिण-पूर्व एशिया का दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। पहले स्थान पर कंबोडिया का अंगकोर वाट है। प्रम्बानन मंदिर एक हजार साल पुराना है।
- इसका परिसर कभी करीब 240 मंदिरों में फैला था। यहां त्रिमूर्ति-भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा के तीन मुख्य मंदिर हैं। इनमें 47 मीटर ऊंचा शिव मंदिर सबसे बड़ा है। मंदिर की दीवारों पर रामायण और अन्य हिंदू ग्रंथों की कहानियां उकेरी गई हैं।

### जीर्णोद्धार पूरा होने पर फिर आऊंगा

पीएम मोदी ने कहा कि प्रम्बानन दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय विरासत की दूसरी सबसे बड़ी पहचान है। यहां भगवान शिव, मां दुर्गा और भगवान गणेश की प्रतिमाएं हैं और सदियों से पूजा होती आ रही है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो ने उनसे 2029 तक मंदिर के जीर्णोद्धार का काम पूरा करने का वादा लिया है और वह भी वादा करते हैं कि जीर्णोद्धार पूरा होने के बाद दोबारा इंडोनेशिया आकर इसका जश्न मनाएंगे।

# मानसून बना मुसीबत

## सोनीपत में छत गिरने से देवरानी-जेठानी व करंट से युवक की मौत गुरुग्राम-फरीदाबाद में जलभराव से जाम, कई जिलों में तेज बारिश

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश के सभी जिलों में मानसून एक्टिव हो चुका है। अब यह लोगों के लिए मुसीबत बनने लगा है। बुधवार को गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, सोनीपत, भिवानी और रोहतक समेत कई जिलों में रुक-रुककर बारिश होती रही। सोनीपत में बारिश जनित हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जिले के महमूदपुर गांव में बारिश के चलते एक मकान की छत गिर गई। घर में सो रही देवरानी और जेठानी की मलबे में दबने से मौत हो गई। वहीं जैनपुर गांव में एक युवक की करंट लगने से जान चली गई। दूसरी तरफ, फरीदाबाद में ओल्ड रेलवे अंडरपास को जलभराव से अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। गुरुग्राम में जलभराव होने से सड़के तालाब बन गईं। नेशनल हाईवे- 48 पर सुबह लंबा जाम लगा। यहां पुलिस ने कॉर्पोरेट कंपनियों और निजी संस्थानों से अपील की है कि वे अपने कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम (घर से काम) करने की सुविधा दें।

### तीन दिन में पूरे प्रदेश को कवर करेगा मानसून

मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों में मानसून पूरे हरियाणा और पंजाब को कवर कर लेगा। न्यूनतम तापमान में औसतन 2.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई।

**अगले तीन दिन तक गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी और करनाल में भारी बारिश की चेतावनी**



बहादुरगढ़। भारी बरसात के कारण सड़कें तालाब बन गईं। एक पिता बच्चों के साथ जाते हुए।

### प्रदेश में कहां क्या

- **सोनीपत :** गोहाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर में एक पुराने और जर्जर मकान की छत गिरने से जेठानी-देवरानी की दर्दनाक मौत हो गई। विमला (55) और सुनील रानी (52) कमरे में चारपाई पर सो रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। वहीं, जैनपुर गांव में युवक की करंट से मौत हो गई।
- **बहादुरगढ़ :** सांखौल गांव में जलभराव के बीच बिजली के खंभे में करंट उतरने से दो भैंसों की मौत हो गई। हादसे के बाद लोग डर के कारण घरों की छतों पर चढ़ गए।
- **गुरुग्राम :** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर नरसिंहपुर के पास सड़क धंस गई। इससे करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सर्विस लेन के गहरे नाले में एक स्कूल बस भी फंस गई। देर रात तक यहां जाम लगा रहा।
- **रेवाड़ी :** कई सड़कों पर करीब चार फीट तक पानी भर गया, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा।
- **करनाल :** अनाज मंडी में जलभराव के कारण किसानों की मक्के की फसल पानी में बह गई। जलभराव से परेशानी का सामना करना पड़ा।

### देश भी बारिश से बेहाल

- **महाराष्ट्र :** पुणे में भारी बारिश के कारण कचरे का पहाड़ 3 मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे कचरा प्रबंधन की बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुणे के खंडाला में भारी बारिश के बीच लैंडस्लाइड से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अब भी लापता है।
- दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 16 में एक पुरानी बिल्डिंग बारिश के चलते गिर गई है। मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है।
- गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 19 इंच तक बारिश हुई, जिससे 85 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। जुलाई 1941 में 18 इंच बारिश हुई थी
- सूरत में बाढ़ से शॉपिंग मॉल की एक मंजिल पानी में डूब गई। करोड़ों का नुकसान हुआ है। करंट लगने, पेड़ और बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हुई। 3400 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

**पेपर लीक के बाद बदलाव की तैयारी**

## 2027 में नीट परीक्षा 6 दिन तक चलेगी कम्प्यूटर बेस्ड होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2027 में कम से कम छह दिन चलेगी। यह पूरी तरह कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराई जाएगी। परीक्षा के लिए देश भर में 1 हजार से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। नीट पेपर लीक विवाद के बाद यह बदलाव किए जा रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करता है। अभी तक यह परीक्षा पेन-पेपर मोड में होती रही है। नीट-यूजी में हर साल करीब 25 लाख कैंडिडेट्स हिस्सा लेते हैं। सूत्रों के अनुसार परीक्षा की नई योजना अभी तैयार की जा रही है। इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तरह नीट भी अलग-अलग दिनों में आयोजित होगी।

- 1000 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे

### यह है बदलाव की वजह

नीट में यह बदलाव 2024 में पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के विवाद के बाद सामने आया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि नीट-यूजी अब पेन-पेपर की बजाय सीबीटी मोड में कराई जाएगी। शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच कई वर्षों से इस बदलाव पर चर्चा चल रही थी, लेकिन परीक्षा सुधारों की प्रक्रिया पेपर लीक विवाद के बाद तेज हुई। इसी परीक्षा के नतीजों के आधार पर डेंटिस्ट्री, आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में भी दाखिला दिया जाता है।

## 31 अगस्त तक प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों को ब्याज में 75% की छूट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों के लाखों प्रॉपर्टी मालिकों को बड़ी राहत देते हुए 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित प्रॉपर्टी टैक्स पर लगने वाले ब्याज में 75 प्रतिशत की एकमुश्त छूट देने का फैसला किया है। इस राहत का लाभ लेने के लिए करदाताओं को 31 अगस्त तक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के साथ-साथ संपत्ति का स्व-प्रमाणीकरण भी करना होगा। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी अधिसूचनाओं के अनुसार यह निर्णय सभी नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के दायरे में आने वाले करदाताओं पर लागू होगा।

**होर्मुज में जहाजों पर ईरान के हमले के बाद एक्शन में अमेरिका**

# जंग फिर शुरू

## सीजफायर खत्म, ट्रंप बोले आज रात बड़ा हमला करेंगे

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर खत्म हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नाटो समिट के दौरान कहा कि अमेरिका बुधवार रात ईरान पर फिर से बड़े हमले कर सकता है। ट्रंप ने कहा, ईरान मिडिल ईस्ट में दबाव बनाता रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं रहेगा। अमेरिका ने मंगलवार देर रात ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक यह कार्रवाई होर्मुज में जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई। दरअसल, ईरान ने मंगलवार को होर्मुज में तीन जहाजों को निशाना बनाया था। ईरान ने बताया कि यह हमले इसलिए किए गए क्योंकि होर्मुज से कमर्शियल जहाज उनके बताए रास्तों से नहीं गुजर रहे थे।



### हमारे नौ जहाज निकलने दें : भारत

होर्मुज में जहाजों पर ईरानी हमलों के बाद भारत ने सीधे ईरान के साथ राजनयिक बातचीत शुरू कर दी है और साफ तौर पर कहा कि ईरान फार्स की खाड़ी में फंसे हमारे 9 जहाजों और 198 नाविकों को सुरक्षित निकलने दे। ईरान ने कतर के जहाज समेत 3 टैंकरों पर हमला किया था। इन पर भारतीय नाविक सवार थे। ईरान ने एक भारतीय टैंकर को होर्मुज में ओमान के कारिडोर से वापस भेज दिया।

### असर : बाजार धड़ाम

खाड़ी में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ गया है। सेंसेक्स 1677 अंक लुढ़ककर 76503.60 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 516.65 अंक टूटकर 23882.05 अंक पर बंद हुई। क्रूड ऑयल 6.18 फीसदी चढ़कर 78.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। सोना 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, आईएमएफ ने विकास दर धीमी होने का अनुमान जताया। महंगाई दर 4.7 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है। (पेज 4 भी देखें)

## लश्कर-ए-तैयबा का 'कमांडर' जाकिर ढेर

**शोपियां(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी मारा गया। बुधवार को सुरक्षाबलों ने उसका शव बरामद किया। आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सेना ने शनिवार शाम चनापोरा इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था। ऑपरेशन के पांचवें दिन जाकिर गनी का शव बरामद हुआ। एक और आंतकी लतीफ भट के छिपे होने की आशंका है। जाकिर गनी उन 14 आतंकियों की सूची में शामिल था, जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जारी किया था। यह संयुक्त ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ ने मिलकर चलाया।

## अमेरिका में लॉरेंस और गोल्डी बराड़ पर निज्जर हत्याकांड में केस, चार्जशीट दायर

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने भारत में जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके साथी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ पर नवंबर 2023 में कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आदेश देने का आरोप लगा है। निज्जर हत्याकांड को लेकर अमेरिका ने पहली बार चार्जशीट दाखिल की है। इसमें दावा है कि हत्या का आदेश जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई और फरार चल रहे गोल्डी बराड़ ने दिया था। इसके तहत 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 37 लोगों के खिलाफ अमेरिकी फेडरल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। (पेज 8 भी देखें)

- यूएस में पहली बार चार्जशीट दाखिल की

### भारतीय अफसरों के खिलाफ सबूत नहीं

कनाडा की पुलिस और जांच अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस नए संगठित अपराध और हत्याकांड की जांच (ऑपरेशन हार्डबॉल) में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जो इस साजिश में भारतीय सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता को साबित करता हो।

**504 करोड़ के आईडीएफसी बैंक घोटाले में सीबीआई का एक्शन**

# लेबर वेलफेयर बोर्ड के दो अफसर पकड़े फर्जी तरीके से पैसे ट्रांसफर के आरोप

**दोनों ने 50 करोड़ शेल कंपनियों को भेजे**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के बहुचर्चित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक सरकारी फंड घोटाले में सीबीआई ने बुधवार को कड़ा एक्शन लेते हुए हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड (एचएलडब्ल्यूबी) के अकाउंट्स ऑफिसर जुगल किशोर और संविदा अकाउंटेंट अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों पर बोर्ड के खाते से 50 करोड़ रुपये की सरकारी राशि फर्जी तरीके से निकालने और शेल कंपनियों में ट्रांसफर कराने का आरोप हैं। सीबीआई के मुताबिक, दोनों अधिकारी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32, चंडीगढ़ शाखा में संचालित बोर्ड के खाते से फर्जी डेबिट ट्रांजैक्शन के जरिए रकम निकालने की साजिश में शामिल थे। जांच में उनके खिलाफ सबूत मिलने के बाद गिरफ्तारी की गई। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें सीबीआई रिमांड पर भेज दिया गया।

### तीन शेल कंपनियों में पहुंचाया सरकारी पैसा

जांच एजेंसी के अनुसार, लेबर वेलफेयर बोर्ड के खाते से निकाली गई रकम को कैपको फिनटेक सर्विसेज, एसआरआर प्लानिंग जीयूआरयूएस प्रा. लि. और स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट जैसी शेल कंपनियों में ट्रांसफर किया गया। सीबीआई अब पूरे मनी ट्रेल और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

### बैंकिंग फ्रॉड का हिस्सा

सीबीआई ने बताया कि लेबर वेलफेयर बोर्ड का यह केस करीब 504 करोड़ के बैंकिंग फ्रॉड का हिस्सा है। आरोप है कि सरकार के 8 विभागों की सरकारी राशि को फर्जी/गैर-मौजूद फिक्स्ड डिपॉजिट और फर्जी डेबिट ट्रांजैक्शन के जरिए निकालकर शेल कंपनियों में पहुंचाया गया। एजेंसी अब तक 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें शामिल हैं, 6 बैंक अधिकारी (आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक), 3 हरियाणा सरकार के कर्मचारी, 2 कंपनियां, 6 निजी व्यक्ति शामिल हैं।


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV


हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन की प्रक्रिया 4 जुलाई 2026 से शुरू



Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

# हर जिले में बनेगी प्राकृतिक खेती प्रेरक किसान समिति: मुख्यमंत्री

## हर माह होगा प्राकृतिक खेती संवाद, मंडियों में प्राकृतिक उपज के लिए अलग स्थान और हैफेड करेगी खरीद



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़


हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्राकृतिक अन्न प्रेरक किसान समिति गठित करने की घोषणा की है। यह समिति किसानों से संपर्क कर उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी और सरकार व किसानों के बीच समन्वय का कार्य करेगी।

### किसानों से प्राकृतिक खेती का ब्रांड एंबेसडर बनने का आह्वान

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि धरती, जल और मिट्टी के संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने का अभियान है। इससे खेती की लागत घटेगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती का ब्रांड एंबेसडर बनने और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री बुधवार को पंचकूला में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आयोजित प्राकृतिक खेती संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर उनके सुझाव सुने और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती करने वाले जिन किसानों ने गाय खरीदने के लिए सब्सिडी का आवेदन किया है, उन्हें जल्द अनुदान जारी किया जाए। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रत्येक माह किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक उपज की बिक्री के लिए मंडियों में अलग स्थान उपलब्ध कराया जाएगा और हैफेड द्वारा ऐसी उपज की खरीद की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े सेमिनारों में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## आइकिया 3500 करोड़ का निवेश करेगी दस हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार



■ आइकिया इंडिया के सीईओ ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से की भेंट

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बुधवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में आइकिया इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पैट्रिक एंटोनी के नेतृत्व में स्वीडन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बैठक में हरियाणा में आइकिया के निवेश विस्तार और भविष्य की परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में करीब 3,500 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही आइकिया की परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने पैट्रिक एंटोनी को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट कर उनका स्वागत किया।

## पीएम के दौरे को लेकर सीएम ने ली बैठक

जींद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई की जींद रैली को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में रैली की तैयारियों, संगठनात्मक व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में रैली के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, सह संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, मंत्री रणबीर गंगवा, मंत्री कृष्ण पंवार, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व वित्तमंत्री मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक राम कुमार गौतम, विधायक योगेंद्र राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

## गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे : दत्त



■ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने चंडीगढ़ में नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी संजय दत्त ने बुधवार को अपने पहले हरियाणा दौरे के दौरान चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाते हुए जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाएं। संजय दत्त ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस ही उनकी उम्मीदों पर खरी उतर सकती है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के नाम पर पात्र मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा करेगी।

## कर्मचारियों को देना होगा रूफटॉप सोलर अंडरटेकिंग फॉर्म

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा मुख्य प्रशासकों को निर्देश दिए हैं कि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आवंटित सरकारी मकानों में रहने वाले राज्य सरकार के कर्मचारी रूफटॉप सोलर ऊर्जा प्रणाली के उपयोग से संबंधित अपना विकल्प/अंडरटेकिंग फॉर्म 10 जुलाई, 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कराएं।ये निर्देश चंडीगढ़ प्रशासन की हाउस अलॉटमेंट कमेटी से प्राप्त पत्र के बाद जारी किए हैं। केंद्र सरकार की पहल के तहत सरकारी आवासीय भवनों में रूफटॉप सोलर प्रणाली की शत-प्रतिशत स्थापना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि पात्र कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने-अपने विभागाध्यक्षों के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में सहमति प्रपत्र जमा करें।


**कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नारनौल**

**निविदा सूचना**

वेबसाइट : www.gcnnl.ac.in

राजकीय महाविद्यालय नारनौल में परिसरों की सफाई और हाउसकीपिंग सेवाओं इत्यादि के लिए निर्धारित प्रपत्र में समान सेवा में न्यूनतम 3 वर्षीय अनुभव रखने वाले इच्छुक और पात्र सहकारी एवं निर्माण समितियों / एजेंसियों (हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित) से निविदाएं एतद द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता / सेवा एजेंसियां रु. 500/– का भुगतान करके (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, नारनौल के पक्ष में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक के माध्यम से भुगतानयोग्य) पूर्वा 09:00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच किसी भी कार्यदिवस को प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नारनौल के कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं (अथवा महाविद्यालय वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं) सभी नियम व शर्तें विस्तृत निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न हैं।

**पूर्व बोली बैठक 23.07.2026 को अप. 2.00 बजे आयोजित की जाएगी।**

**मोहरबंद निविदा दस्तावेज की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 25.07.2026 अप. 4:00 बजे तक है।**

**प्राचार्य कार्यालय में निविदा के खुलने की तिथि 28.07.2026 अप. 1:00 बजे है।**

हस्ता/– प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय, नारनौल

पीआरडीएच–1031/11/406/2027/46972/88/6 दि. 08.07.26



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस

| S. N. | Lot No. | Details | Auction Start Date & Time | Auction Close Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-KNN-GMU-192-26-1 | (खानपान – जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध में शहीद सैनिकों की विधवाओं/रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं की श्रेणी के लिए खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 12:30 बजे |
| 2. | Catg-UMB-JUDW-GMU-191-26-1 | (जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर–1, प्लेटफॉर्म संख्या–1, सामान्य महिला श्रेणी के लिए जगाधरी वर्कशॉप (JUDW) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 12:40 बजे |
| 3. | Catg-UMB-NBA-GMU-206-26-1 | (जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर – 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर जनरल वेटिंग हॉल के अंदर, सामान्य महिला श्रेणी के लिए नाभा (NBA) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 12:50 बजे |
| 4. | Catg-UMB-SHZ-GMU-200-26-1 | (जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर – 1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए समर हिल (SHZ) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 13:00 बजे |
| 5. | Catg-UMB-GDB-GMU-196-26-1 | (कैटरिंग – जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2 माइनॉरिटी महिलाएं के लिए गिद्दरबाहा (GDB) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 13:10 बजे |
| 6. | Catg-UMB-MOT-GMU-205-26-1 | (कैटरिंग – जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2 माइनॉरिटी कैटेगरी के लिए मलोट (MOT) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 13:20 बजे |
| 7. | Catg-UMB-JPS-GMU-197-26-1 | (कैटरिंग – जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य श्रेणी के लिए जमालपुर शेखा (JPS) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 13:30 बजे |
| 8. | Catg-UMB-LHA-GMU-204-26-1 | (कैटरिंग – जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य महिला श्रेणी के लिए लेहरा गागा (LHA) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 13:40 बजे |
| 9. | Catg-UMB-BCU-GMU-194-26-1 | (कैटरिंग – जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी के लिए भुच्चू (BCU) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 13:50 बजे |
| 10. | Catg-UMB-UBC-SMU-189-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान – एसएमयू) स्टॉल नंबर–4 प्लेटफॉर्म संख्या–2, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी (UBC) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 14:00 बजे |
| 11. | Catg-UMB-KRLI-SMU-207-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान – एसएमयू) स्टॉल नंबर–1, प्लेटफॉर्म संख्या–1, अनुसूचित जाति (SC) की महिला श्रेणी के लिए कुराली (KRLI) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 14:10 बजे |
| 12. | Catg-UMB-DKT-SMU-195-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट – खानपान) (एसएमयू) स्टॉल नंबर–1, प्लेटफॉर्म संख्या – 1, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की महिला श्रेणी के लिए धुलकोट (DKT) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 14:20 बजे |
| 13. | Catg-UMB-PTA-SMU-190-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान– एसएमयू) स्टॉल नंबर–12, प्लेटफॉर्म संख्या – 1, अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के लिए पटियाला (PTA) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 14:30 बजे |
| 14. | Catg-UMB-KART-SMU-202-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान – एसएमयू) स्टॉल नंबर – 1 प्लेटफॉर्म संख्या–1, अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी के लिए किरतपुर साहिब (KART) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 14:40 बजे |
| 15. | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान – एसएमयू) फ्रूट स्टॉल (साइज़ 2.51x3.42 वर्ग मीटर) – स्टॉल नंबर 01, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के लिए बठिंडा (BTI) रेलवे स्टेशन। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 14:50 बजे |
| 16. | Catg-UMB-SOL-SMU-201-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान – एसएमयू) स्टॉल नंबर–2, सर्कुलेटिंग एरिया में, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी के लिए सोलन (SOL) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 15:00 बजे |
| 17. | Catg-UMB-RPAR-SMU-184-26-1 | (स्पेशल माइनर यूनिट) (खानपान–एसएमयू (स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–1, माइनॉरिटी श्रेणी के लिए रूप नगर (RPAR) रेलवे स्टेशन पर। | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 15:10 बजे |

ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीनें (AVMs) — रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस — आकार: 4' × 4' फीट

| S. N. | Lot No. | Station | No. of AVM | Details | Auction Start Date & Time | Auction Close Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MSS-UMB-RPJ-AVM-103-26-1 | राजपुरा (RPJ) | 03 | • 01 AVM UTS/PRS हॉल में • 01 AVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर, ट्रॉली नंबर 4 के पास प्लेटफॉर्म शेड के नीचे। • 01 AVM, PF नंबर 1 पर PF शेड के नीचे OSOP स्टॉल के पास | 20.07.2026 को 12:00 बजे | 20.07.2026 को 15:20 बजे |
| | | अंबाला सिटी (UBC) | 01 | • 01 AVM अंबाला सिटी में SS ऑफिस के सामने | | |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। 2339/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भर्ती विज्ञापन की शर्तें सर्वोपरि : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय नौसेना द्वारा किसी योग्यता को स्नातक के समकक्ष मान लेने मात्र से अभ्यर्थी अन्य विभागों की भर्ती में स्वतः पात्र नहीं हो जाता। यदि भर्ती विज्ञापन में विषय, न्यूनतम अंक और अन्य शैक्षणिक योग्यताएं निर्धारित हैं तो उनका पालन करना अनिवार्य होगा। जस्टिस अमन चौधरी की पीठ ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) में अपर डिवीजन क्लर्क (यूडीसी) पद पर नियुक्ति की मांग करने वाले पूर्व नौसैनिक जय करण की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता का दावा था कि भारतीय नौसेना ने उसकी योग्यता को स्नातक के समकक्ष मान्यता दी है, इसलिए वह भर्ती के लिए पात्र है। हाईकोर्ट ने कहा कि यूडीसी पद के लिए भर्ती विज्ञापन में कॉमर्स विषय में स्नातक, सामान्य वर्ग के लिए 60 प्रतिशत अंक, मैट्रिक स्तर तक हिंदी या संस्कृत का ज्ञान तथा निर्धारित कंप्यूटर योग्यता अनिवार्य थी।

## बलराज कुंडू ने सुरक्षा बढ़ाने की लगाई गुहार

चंडीगढ़। रोहित गोदारा गैंग से लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों के बीच महम के पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। याचिका में कुंडू ने आरोप लगाया कि वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है और उनके सुरक्षाकर्मियों के पास आधुनिक हथियार भी नहीं हैं। उन्होंने खतरे का नए सिरे से आकलन कर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि कुंडू के आवास पर एक एएसआई और चार पुलिसकर्मी तैनात हैं तथा उन्हें तीन पीएसओ भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस पर अदालत ने कहा कि यदि याची को अतिरिक्त सुरक्षा चाहिए तो वह सरकार से अनुरोध कर सकता है और उसके लिए होने वाला खर्च स्वयं वहन करना होगा।

## बोर्डों और निगमों में लागू होगी ऑनलाइन ट्रांसफर नीति, सरकार ने जारी किए निर्देश

■ मेरिट, पारदर्शिता और तकनीक आधारित ट्रांसफर सिस्टम लागू

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य के सभी बोर्डों, निगमों और अन्य सरकारी संगठनों में स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और एकरूप बनाने के लिए मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2026 लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। मानव संसाधन विभाग ने सभी संस्थाओं से कहा है कि वे नई मॉडल नीति को अपनाएं या उसके अनुरूप अपनी स्थानांतरण नीति तैयार करें। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी 'अति आवश्यक' पत्र के अनुसार, मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2026 तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जबकि मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2025 को निरस्त कर दिया गया है। सरकार ने सभी प्रशासनिक सचिवों, बोर्डों एवं निगमों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों और आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि नई नीति के अनुरूप स्थानांतरण व्यवस्था लागू की जाए। नई नीति का उद्देश्य मेरिट, वस्तुनिष्ठ मानदंडों और तकनीक आधारित ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से तबादलों को अधिक पारदर्शी बनाना है। इससे स्थानांतरण प्रक्रिया में एकरूपता आएगी।

## तबादलों से पहले दिव्यांग कर्मचारियों के प्रमाणपत्र तीन दिन में जारी होंगे

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य में लागू मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के निर्देश पर मानव संसाधन विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को आगामी ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव से पहले पात्र कर्मचारियों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड तीन दिन में जारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि कर्मचारी तबादला प्रक्रिया में मिलने वाले अतिरिक्त अंकों से वंचित न रहे।

## ग्रुप-डी कर्मचारियों को राहत, वन-टाइम ऑप्शन की समय-सीमा बढ़ी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने विज्ञापन संख्या 04/2018 के तहत भर्ती ग्रुप-डी कर्मचारियों को राहत देते हुए कॉमन कैडर के अंतर्गत वन-टाइम ऑप्शन दर्ज करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, ऑनलाइन पोर्टल अब 13 से 27 जुलाई तक खुला रहेगा। पहले यह अवधि 6 जुलाई से 20 जुलाई निर्धारित की गई थी। सरकार ने विज्ञापन संख्या 04/2018 के तहत नियुक्त सभी पात्र कर्मचारियों के लिए थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव डाबरा माइनर पर आरडी 0.00 से 0.690 तक हिसार राजगढ़ रोड से हिसार मंगाली शरवा रोड तक नये रोड का निर्माण (33 केवी लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 07.07.2026 13.07.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (नर्सिंग कॉल सिस्टम का प्रावधान)। | 07.07.2026 13.07.2026 | 32.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नरवाना | नरवाना जिला जीन्द में राजकीय पशु चिकित्सालय (जीवीएच) का निर्माण। | 07.07.2026 14.07.2026 | 33.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोदा मोर में पुलिस स्टेशन से बाबा धामसर वाला रास्ता तक फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 20.07.2026 | 68.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज ढाण्ड | गांव बेगपुर, ब्लॉक ढाण्ड (केटीएल) में शरवण पुत्र भजना राम के मकान से पहलू पुत्र बीर सिंह बाल्मिकी के मकान तक फिरनी का अपग्रेडेशन (डी प्लान) + 12 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 58.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416550000 sutharprithviraj1972@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज खरखौदा | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 10 अदद पानी के टैंकर की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 14.07.2026 | 16.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467668228 sdoprkharkhoda7@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज पंचकूला | श्यामतू :- गांव श्यामतू ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में गांव बस स्टैंड से गांव तालाब तक नाला का निर्माण (वीएएनजीवाई 2025-26) + 6 कार्य। | 06.07.2026 13.07.2026 | 38.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) हरियाणा | हरियाणा राज्य (फरीदाबाद और गुरूग्राम को छोड़कर) में ईएसआई स्कीम के तहत बीमित व्यक्ति के लिए माध्यमिक देखभाल हेतु निजी हस्पतालों के टाइ-अप हेतु आवेदन। | 11.07.2026 10.08.2026 | ईएमडी 3 लाख | www.hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |
| 9 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) हरियाणा | पीपीपी आधार पर ईएसआई हस्पताल सेक्टर-8 फरीदाबाद और हस्पताल जगाधरी हरियाणा में सीटी/एमआरआई के लिए रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर के उपकरण स्थापना, ऑपरेट और मैनेज मॉडल के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 11.07.2026 10.08.2026 | ईएमडी 7 लाख | www.hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव ताज नगर से मेन रोड से बीपीएल कॉलोनी और रतिराम मकान से अमृत सरोवर की तरफ लोनिवि रोड तक वाटर कन्वेयंस सिस्टम। | 07.07.2026 14.07.2026 | 19.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव नानू खुर्द, पटौदी, गुरूग्राम में गांव तालाब के तटबंध का संरक्षण और पुनरोद्धार। | 07.07.2026 14.07.2026 | 19.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव जुडोला ब्लॉक फर्रूखनगर, गुरूग्राम में सिब्बु मकान से पंचायत भूमि तालाब तक वाटर कन्वेयंस सिस्टम। | 07.07.2026 14.07.2026 | 16.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव इंचापुरी, पटौदी, गुरूग्राम में माइनर से तालाब तक वाटर कन्वेयंस सिस्टम। | 07.07.2026 14.07.2026 | 13.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 18630 तक लडायन माइनर की किनारा सफाई + 2 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 3.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262271675 xenfdrrtk@gmail.com |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | आरडी 24400 भाना ब्राह्मणान ड्रेन पर वाटरकोर्स क्रॉसिंग का पुनर्निर्माण + 1 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 5.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल में बाढ़ योजना के तहत गांव बाघोत के बाढ़ संरक्षण कार्य हेतु नये 5 सीएस पम्प्स सहित सम्बद्ध इलैक्ट्रो मैकेनिकल एक्सेसरीज की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 22.07.2026 | 93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | पम्प हाउस नं. 1 (आरडी-0) लोहारू कैनाल के स्विच रूम के प्रवेश द्वार पर इंडस्ट्रीयल पीवीसी स्ट्रिप कर्टेंस का प्रावधान व फिक्सिंग और 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 2.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 18 | सिविल सर्जन, नारनौल | सिविल सर्जन नारनौल का कार्यालय में जिला प्रशिक्षण केन्द्र में खाद्य व्यवस्था हेतु ई-निविदा। | 07.07.2026 22.07.2026 | ईएमडी 10500 | https://etenders.hry.nic.in | 9355471955 dcstrg.mhn@gmail.com |
| 19 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में 02 लिफ्टों (मेक कोन) के सीएमसी हेतु सेवाओं के लिए निविदा सूचना। | 09.07.2026 21.07.2026 | ईएमडी 5,989/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 20 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में विभिन्न औषधियों की खरीद के लिए निविदा हेतु निविदा सूचना। | 09.07.2026 22.07.2026 | 3.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच–11/2027/400/46984/I/88/6 दि. 08.07.26

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खेल रही बच्ची को कार ने कुचला

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-4 में घर के बाहर खेल रही एक तीन साल की मासूम बच्ची की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। किशनकांत मिश्रा की बेटी आन्या बुधवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। बच्ची खेलते-खेलते सड़क की ओर निकल गई। इसी दौरान चालक ने मोड़ पर अचानक गाड़ी तेजी से मोड़ दी। आन्या गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक ने बच्ची को उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब आरोपी की तलाश की जा रही है।

### केमिस्ट के घर से नशीली गोलियों की खेप बरामद

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि गांव संत नगर के मेडिकल स्टोर संचालक लवप्रीत सिंह के प्रताप नगर के घर पर छापेमारी की गई। यहां से भारी मात्रा में नशीली गोलियां और कैप्सूल की खेप बरारमद हुई। इसके अलावा गांव जमाल क्षेत्र से सिरसा निवासी संजय को सैकड़ों प्रतिबंधित गोलियों सहित पकड़ा है।

## सिरसा के गांव वैदवाला में खेत में बिजली टावर लगाने पर विवाद

# जमीन का मुआवजा बढ़वाने को नौ किसान चारपाई और राशन लेकर टावर पर चढ़े

- भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष के खेत में लगाए जा रहे तीन बिजली टावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर से सटे गांव वैदवाला में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष समेत नौ किसान बुधवार को बिजली के टावर पर चारपाई व राशन लेकर चढ़ गए। किसानों की मांग है कि उन्हें खेत में टावर लगने पर जमीन का उचित मुआवजा दिया जाए।

किसानों के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही डीएसपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्हें नीचे उतरने को अनुरोध किया, लेकिन किसान इस बात पर अड़े हैं कि जब तक उनकी मुआवजा बढ़ोतरी की मांग पूरी नहीं होती तब तक वे नीचे नहीं उतरेंगे। बिजली निगम के अधिकारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस ने मौके पर में डेरा डाल दिया है। दोपहर दो बजे के दौरान मिली जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह वैदवाला के खेत में हाइटेंशन लाइन के तीन टावर लगे हुए हैं। बुधवार सुबह बिजली निगम के कर्मचारी खेत में लगे टावर पर काम करने आए। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों ने भूपेंद्र सिंह को मौके पर जाने से रोक दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में बहसबाजी हुई और भूपेंद्र सिंह वैदवाला टावर पर चढ़ गए। जैसे ही इसकी भनक चढ़ूनी गुट के अन्य किसान नेताओं को लगी तो वे भी मौके पर पहुंचे और आठ अन्य किसान चारपाई व राशन पानी लेकर टावर पर चढ़ गए। मौके पर बढ़ती किसानों की भीड़ को देखते हुए पुलिस महकमा हरकत में आया और डीएसपी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा किसानों व ग्रामीणों को मौके पर जाने से रोका जा रहा है ताकि अन्य लोग टावर पर न चढ़ सके।

पुलिस ने बिजली निगम की टावर संबंधित टीम को भी बुलाया, लेकिन किसानों ने चेतावनी दी है कि वे लेबर को नहीं आने देंगे। स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन टावर पर चढ़े किसानों को नीचे उतरने के लिए समझा रहा है। किसानों के विरोध का भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह ने समर्थन किया है।


**सिरसा।** गांव वैदवाला में बिजली टावर पर चढ़े किसान।

### सोनीपत की तर्ज पर मांग रहे मुआवजा

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को मुआवजे में बढ़ोतरी को लेकर किसान संगठनों की प्रशासन के साथ बैठक हुई थी, लेकिन इसमें कोई हल नहीं निकला। किसानों की मांग है कि सोनीपत सहित अन्य जिलों की तरह बढ़ा हुआ मुआवजा उन्हें भी दिया जाए। बताया जा रहा है कि सिरसा में कुछ किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है और जिन किसानों को मुआवजा मिला है वह बहुत कम है। इसी बात को किसान विरोध कर रहे हैं।

## शादी में मासूम शर्मा से हाथापाई, भतीजे के साथ मारपीट

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणवी गायक मासूम शर्मा की चचेरी बहन की शादी में कुछ युवकों द्वारा मासूम शर्मा के साथ हाथापाई करने तथा उसके भतीजे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने मासूम शर्मा के बड़े भाई की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव ब्राह्मण निवासी विकास ने बताया कि छह जुलाई रात को उसकी चचेरी बहन की शादी जुलाना अग्रसेन धर्मशाला में थी। उसका छोटा भाई मासूम शर्मा बहन प्रिया से कमरे में मिलने गया था। बगल वाले कमरे में कुछ बदमाश शराब पी रहे थे, जिनके पास हथियार थे। युवकों ने मासूम शर्मा को गाली देकर आवाज लगाई और हाथापाई की। मासूम शर्मा किसी तरह वहां से निकलने में कामयाब हो गया। जिसके बाद आरोपितों ने वहां पर मौजूद उसके बेटे लक्ष्य के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों में एक युवक कार्तिक भी था। आरोपितों ने उन्हें बड़ी गैंग से संबंध होने तथा तीन दिन में मारने की धमकी दी।

# नाबालिग बेटे ने पिता के सिर में मारा डंडा, मौत

- शराब के नशे में पिता मां-बहन को पीट रहा था, बीच-बचाव करने आया बेटा भी आपा खो बैठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मधुबन थाना क्षेत्र के गांव कुटेल में मंगलवार देर रात घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। शराब के नशे में पत्नी और बेटी के साथ मारपीट कर रहे पिता को रोकने के दौरान 17 वर्षीय नाबालिग बेटे ने डंडे से वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से घायल पिता की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कुटेल निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र पेशे से चालक था और शराब पीने का आदी था। मंगलवार देर रात वह नशे की हालत में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर पत्नी व बेटी से मारपीट करने लगा। यह देख 17 वर्षीय बेटा बीच-बचाव के लिए आगे आया। परिजनों का आरोप है कि राजेंद्र ने बेटे के साथ भी हाथापाई शुरू कर दी। इसी दौरान बेटे ने पास में पड़ा डंडा उठाकर पिता के सिर पर मार दिया। परिजन उसे करनाल के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मधुबन थाना पुलिस अस्पताल व घर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को लगा कि घटनास्थल पर फैले खून को साफ करने का प्रयास किया गया था।




## भाभी के भाई की हत्या के आरोपी का सिर मुंडवाकर बाजार में घुमाया



**करनाल ( हरिभूमि न्यूज)।** निसिंग थाना क्षेत्र के गांव कुचपुरा में युवक जसविंद्र की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सागर और उसके पिता ऋषिपाल को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी सागर का सिर मुंडवाकर उसे बाजार और वारदात स्थल तक ले जाकर घटनाक्रम की तस्दीक कराई। मीडिया से बातचीत में आरोपी ने अपने किए पर पछतावा जताते हुए कहा कि उससे बहुत बड़ी गलती हो गई और कोई भी गुस्से में ऐसा कदम न उठाए। गांव रायसन निवासी मंजू की शादी कुचपुरा निवासी मनीष के साथ हुई थी। काफी समय से ससुराल और मायका पक्ष के बीच विवाद चल रहा था। पांच जुलाई की रात मंजू ने अपने भाइयों को फोन कर मारपीट की सूचना दी। इसके बाद जसविंद्र और उसके भाई गांव कुचपुरा पहुंचे। विवाद के दौरान सागर ने अपने बड़े भाई के साथ मिलकर जसविंद्र पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## अमेरिका में रहस्यमयी हवाई घटनाओं पर रिसर्च करेंगे पानीपत के वैज्ञानिक डॉ. देवेश नांदल



**चंडीगढ़।** प्रतिभा के दम पर इंसान क्या कुछ नहीं कर सकता। हरियाणा के पानीपत के एक गांव के रहने वाले डॉ. देवेश नांदल की कहानी कुछ इसी तरह की है। बचपन से किशोर अवस्था तक वह जूडो में महारथी थे। वहीं, साइंस के प्रति उनके रुझान ने उनको हॉवर्ड तक पहुंचा दिया। वैज्ञानिक डॉ. देवेश नांदल अब एक नई और बेहद चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। हॉवर्ड यूनिवर्सिटी में पोस्टडॉक्टोरल रिसर्चर के रूप में कार्यरत 37 साल के डॉ. नांदल को हाल ही में अमेरिका के यूएपी साइंस एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य चुना गया है। यह काउंसिल हॉवर्ड के प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक प्रोफेसर एवी लोएब द्वारा गठित की गई है, जिसका उद्देश्य रहस्यमयी हवाई घटनाओं और संभावित एलियन लाइफ से जुड़े मामलों का वैज्ञानिक अध्ययन करना है। यह परिषद व्हाइट हाउस, पेंटागन, एफबीआई और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिक सलाह भी देगी।

## घर में डेढ़ करोड़ का सोना दबे होने की कहानी बनाकर एक करोड़ रुपये ठगे

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** घर में दबे डेढ़ करोड़ रुपये के सोने के खजाने का लालच देकर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से करीब एक करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित व्यक्तित छमिंद्र कुमार की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित छमिंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब डेढ़ साल पहले इसराद और मुनव्वर उसके घर आए और दावा किया कि उनके घर में जमीन के नीचे करीब डेढ़ करोड़ रुपये का सोने का खजाना दबा है। आरोपियों ने कहा कि तंत्र मंत्र और विशेष पूजा के जरिए यह खजाना निकाला जा सकता है। उन्होंने उत्तरप्रदेश से जंगशेर उर्फ जस्सी को भी बुला लिया। आरोपियों ने पहले शीतला माता मेले में पूजा कराने के नाम पर करीब 40 हजार रुपये लिए। फिर वह बार-बार रुपये लेते रहे। उसने जेवर बेचकर व उधार लेकर भी उन्हें पैसे दिए। आरोपियों ने घर में एक बार 11 फीट और दूसरी बार 21 फीट तक गड्ढा खुदवाया। बाद में खजाने की रखवाली करने वाली 41 आत्माओं को शांत कराने के नाम पर भी 41 लाख रुपये मांगे। उसे झांसे में लेकर करीब एक करोड़ रुपये ठगे गए।

## अभाविप ने 108 मेधावी विद्यार्थियों व 37 स्कूलों को किया सम्मानित


**गुरुग्राम।** मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित करते गणमान्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गुरुग्राम द्वारा आयोजित एकलव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के चेयरमैन सुभाष बंसल, अभाविप के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री देवदत्त जोशी तथा सुदेश राघव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंपस डायरेक्टर अंशुमान कामराह ने की। अभाविप की प्रांत उपाध्यक्ष एवं गुरुग्राम जिला प्रमुख डॉ. योगिता राघव ने बताया कि समारोह में गुरुग्राम जिले के 30 विद्यालयों से कक्षा 10वीं व 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के 37 विद्यालयों को उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह में कुल 108 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री संजय कसवां, विभाग संगठन मंत्री दिनेश फंडन, विभाग संयोजक दुष्यंत गौर आदि उपस्थित रहे।

हरियाणा सरकार

यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013

सुरक्षित कार्यस्थल, हर महिला का अधिकार




यौन उत्पीड़न क्या है? बिना सहमति के किया गया कोई भी व्यवहार

1 अवांछित स्पर्श
2 यौन संबंधी मांग
3 यौन रंगयुक्त टिप्पणी
4 अश्लील / आपत्तिजनक संदेश, ईमेल, चित्र

यह अधिनियम सभी महिला कर्मचारियों पर लागू होता है, चाहे वे नियमित, संविदा (Contract), अस्थायी कर्मचारी, प्रशिक्षु (Intern), प्रशिक्षणार्थी (Trainee), परामर्शदाता (Consultant), स्वयंसेवी (Volunteer), घरेलू कामगार (Domestic Worker) हों अथवा किसी भी प्रकार की कार्य व्यवस्था में कार्यरत हों।

महिलाओं के महत्वपूर्ण अधिकार
- सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल का अधिकार।
- शिकायत दर्ज करने का अधिकार।
- गोपनीयता का अधिकार।
- निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच का अधिकार।
- प्रतिशोध, भेदभाव एवं उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार।

गोपनीयता (धारा 16)
निम्नलिखित जानकारी को गोपनीय रखना अनिवार्य है—
- शिकायतकर्ता की पहचान।
- प्रतिवादी की पहचान।
- गवाहों की जानकारी।
- जांच एवं कार्यवाही से संबंधित जानकारी।

उल्लंघन पर दंड
- यदि अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है, तो कानून के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

शिकायत कहां करें?

1. आंतरिक शिकायत समिति (Internal Committee - IC) जिस संस्था में 10 या अधिक कर्मचारी हों, वहाँ IC का गठन अनिवार्य है।
2. स्थानीय समिति (Local Committee - LC) जिला स्तर पर गठित समिति।
3. नोडल अधिकारी धारा 6(2) के अंतर्गत जिला अधिकारी द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी, जो शिकायत प्राप्त करने एवं आगे भेजने का कार्य करता है।
4. SHe-Box (Sexual Harassment Electronic Box) ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने का राष्ट्रीय पोर्टल। www.shebox.nic.in

नियोक्ताओं हेतु अनिवार्य अनुपालन
- आंतरिक शिकायत समिति (IC) का गठन अनिवार्य है।
- IC में एक बाह्य सदस्य (External Member) का होना आवश्यक है।
- कर्मचारियों के लिए वर्ष में कम से कम दो बार POSH जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।
- ये कार्यक्रम प्रमाणित POSH प्रशिक्षकों, Resource Persons या SHe-Box Empanelled Trainers द्वारा आयोजित किए जा सकते हैं।
- कार्यस्थल पर अधिनियम से संबंधित सूचना प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जानी चाहिए।
- आंतरिक शिकायत समिति (IC) द्वारा अधिनियम के अनुसार वार्षिक प्रतिवेदन (Annual Report) तैयार कर संबंधित प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

शिकायत दर्ज करने की समय सीमा
- घटना के 3 महीने के भीतर शिकायत दर्ज की जा सकती है।
- आवश्यकतानुसार IC/LC समय सीमा बढ़ा सकती है।
- अधिकतम 3 महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है।

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

# घर का खाना हुआ महंगा, पांच माह के हाई पर शाकाहारी व नॉन-वेज थाली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जून में घर पर बनने वाली शाकाहारी और नॉन-वेज थाली दोनों की लागत पिछले पांच महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इसकी वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल, रसोई गैस और ब्रॉयलर चिकन की बढ़ती कीमतें रहीं। यह जानकारी क्रिसिल इंटेलिजेंट की मासिक रोटी राइस रिपोर्ट में दी गई है।

- वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल व रसोई गैस व ब्रॉयलर चिकन की कीमतें बढ़ी

जून में शाकाहारी थाली की कीमत 28.4 रुपए रही, जो मई में 27.4 रुपए थी। यानी एक महीने में इसमें 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं, जून 2025 के मुकाबले यह 5 प्रतिशत महंगी हो गई। दूसरी ओर, नॉन-वेज थाली की कीमत 58.2 रुपए रही, जो मई में 56.5 रुपए थी। यह मासिक आधार पर 3 प्रतिशत और पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत महंगी हुई।

## क्रिसिल इंटेलिजेंट की रोटी प्राइस रेट की रिपोर्ट जारी

### टमाटर ने सबसे ज्यादा बढ़ाया खर्च

रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर की कीमत एक साल में 31 प्रतिशत बढ़कर 42 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। जून 2025 में यह 32 रुपए प्रति किलो थी। फरवरी और मार्च में ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से गर्मियों की फसल की बुआई देर से हुई और उत्पादन भी कम रहा। इसी कारण टमाटर महंगा हुआ।

### टमाटर 17 प्रतिशत महंगा हुआ

मई के मुकाबले जून में टमाटर 17 प्रतिशत, आलू 5 प्रतिशत और प्याज 8 प्रतिशत महंगे हुए। इसी वजह से जून में शाकाहारी थाली की लागत और बढ़ गई। हालांकि, आलू की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। नई रबी फसल आने से इसकी कीमत कम हुई। इससे थाली की लागत में बढ़ोतरी कुछ हद तक सीमित रही।





### एलपीजी की कीमतें 10 प्रतिशत सालाना बढ़ी

वहीं, प्याज की कीमत सालाना आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ी, क्योंकि बाजार में महंगे रबी स्टॉक की आवक शुरू हुई। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य तेल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी सालाना 10-10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसकी एक वजह पश्चिम एशिया में तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित होना भी रही।


### नॉन-वेज थाली क्यों हुई महंगी?



नॉन-वेज थाली की कीमत बढ़ने की सबसे बड़ी वजह ब्रॉयलर चिकन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉयलर की कीमत सालाना आधार पर करीब 7 प्रतिशत बढ़ी, जबकि महीनेभर में इसमें करीब 2 प्रतिशत की तेजी आई। क्रिसिल के अनुसार, नॉन-वेज थाली की कुल लागत का करीब आधा हिस्सा ब्रॉयलर पर निर्भर करता है। भीषण गर्मी की वजह से सप्लाई कम रही, जिससे चिकन की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली।

## खबर संक्षेप

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से अब दवा होगी आयात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई हवाई अड्डे को दवाओं के आयात की मंजूरी दी है। अब नवी मुंबई को उन हवाई अड्डों की सूची में शामिल कर लिया गया है, जिनके जरिए देश में दवाएं आयात की जा सकती हैं। औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 के प्रावधानों के तहत दवा तकनीकी परामर्श बोर्ड से परामर्श के बाद यह गजट अधिसूचना जारी की गयी।

### रुपया 59 पैसे टूटकर 95.55 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 59 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.55 (अस्थायी) पर रहा। होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के खिलाफ हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर हुए अंतरिम समझौते पर खतरा खड़ा हो गया है।

### 10 सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने आय के ज्ञात स्रोत से कहीं अधिक संपत्ति रखने के आरोप बुधवार को राज्य भर में कई जगहों पर 10 सरकारी अधिकारियों के परिसर पर एक साथ छापेमारी की। जिन अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की गई उनमें रायचूर में कृष्ण भाग्य जल निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता बासनगौड पाटिल; चित्रदुर्ग में कृषि अभियांत्रिकी विवि के सहायक प्रोफेसर शंकर एम; चित्रदुर्ग में वॉटरशेड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में रेंज वन अधिकारी डुगप्पा बी एच और बेंगलुरु में नरेंद्र कुमार शामिल हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सिबिल के एमडी जैन ने कहा, सकारात्मक कारकों के बावजूद वृद्धि नहीं

# भारत में ऋण गुणवत्ता में सुधार के बावजूद क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम

- बकाया भुगतान में चुक के स्तर में सुधार आने के बावजूद कार्ड की पहुंच कम
- व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है

एजेंसी ⏭ मुंबई

ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी भवेश जैन ने बुधवार को कहा कि बकाया भुगतान में चूक (डिलिंक्वेंसी) के स्तर में सुधार जैसे कई सकारात्मक कारकों के बावजूद विकसित ही नहीं बल्कि विकासशील देशों की तुलना में भी भारत में क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम है।

जैन ने कहा कि व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है। नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत ही ऐसे हैं जो पहली बार ऋण प्रणाली से जुड़े हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह अनुपात 26 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भारत में 5.2 करोड़ लोगों के पास क्रेडिट कार्ड हैं, जो लगभग 25 करोड़ सक्रिय ऋण ग्राहकों की कुल संख्या का केवल 25 प्रतिशत है।

### सबसे अधिक क्रेडिट कार्ड का उपयोग हांगकांग में

एमडी ने कहा कि विकसित और विकासशील देशों में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले लोगों का अनुपात इससे अधिक है। क्रेडिट सूचना कंपनी द्वारा तैयार एक श्वेतपत्र के अनुसार, यह अनुपात कोलंबिया में 62 प्रतिशत, हांगकांग में 98 प्रतिशत, अमेरिका में 81 प्रतिशत और ब्रिटेन में 70 प्रतिशत है।

## नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत पहली बार इस प्रणाली से जुड़े




### उपभोक्ताओं की संख्या 5.2 करोड़ हुई

पिछले एक दशक में कई मानकों पर वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान बकाया राशि 8.3 गुना होकर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, क्रेडिट कार्ड रखने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 3.6 गुना होकर 5.2 करोड़ हो गई और कार्डों की संख्या 5.1 गुना होकर 10.7 करोड़ रही।

### ग्राहकों के लिए अब कई विकल्प उपलब्ध

श्वेतपत्र में कहा गया कि वर्षों में मुख्य रूप से उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए प्रमुख असुरक्षित ऋण उत्पाद नहीं रह गए हैं। इसके पीछे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), व्यक्तिगत ऋण आदि जैसे विकल्प उपलब्ध होना है जिनसे इसकी प्रतिस्पर्धा है।

**क्रेडिट कार्ड पर दो प्रतिशत का एमडीआर लगता है :** वर्तमान में प्रत्येक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर दो प्रतिशत तक का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाया जाता है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर 'रिवॉर्ड प्वाइंट' जैसे लाभ भी मिलते हैं। वर्तमान में उपयोगकर्ता वीजा और मास्टरकार्ड जैसे अन्य नेटवर्क के क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप से नहीं जोड़ सकते, जिससे इसका उपयोग सरकार समर्थित रुपे तक सीमित रहता है।

***महामारी के दौरान इसमें जरूर व्यवधान रहा :*** *भौगोलिक दृष्टि से दिलचस्प बात यह है कि अब क्रेडिट कार्ड केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अर्द्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इन्हें रखने लगे हैं। पोर्टफोलियो गुणवत्ता के दृष्टिकोण से श्वेतपत्र में कहा गया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी संकट के दौरान जरूर कुछ व्यवधान आया था, लेकिन अब वह पीछे छूट चुका है और समग्र गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।*

**तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले बढ़े:** श्वेतपत्र में कहा गया कि अपने बटुए में तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले लोगों का अनुपात एक दशक पहले के 12 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया है। इसी अवधि में उपभोग ऋण में सक्रिय कार्डों की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत रह गई है। जैन ने कहा कि युवा आबादी के पास क्रेडिट कार्ड होने की संभावना अधिक है।

# आईएमएफ ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को ईरान युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट का हवाला देते हुए इस वर्ष के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अपने अनुमान में मामूली कटौती की है। आईएमएफ ने अब अनुमान लगाया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2026 में धीमी तीन प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह पिछले साल की 3.5 प्रतिशत वृद्धि और अप्रैल में लगाए गए 3.1 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2027 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान ने 28 फरवरी को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया था, जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पांचवां हिस्सा आता है।

**सूचना**

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री राम कुमार निवासी बिचपड़ी गोहाना जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अंकित कुमार व मेरी पुत्रवधु भुविका मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 262 दिनांक 08.07.26 धारा 127 (6) BNSS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम - साहिल

पिता/पति का नाम – हंसराज

पता - निवासी गली नं. 1 श्री रामनगर कालोनी जिला रोहतक

उम्र- 25 वर्ष

कद-6 फुट।

हुलिया- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, नीले रंग का टी शर्ट लोअर, हवाई चप्पल पहने हुए।

जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 70829994119,7082999110
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894

पीआरडीएच-1084/11/5010/2027/46978/88/6 दि. 08.07.26

# खाड़ी में तनाव बढ़ने से सोना 800 रुपये टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

कमजोर वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 800 रुपये टूटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा पर दबाव बना रहा क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी, जिससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी हुई।

# अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,677 अंक फिसला

**मुंबई (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 517 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के अनुमान को लेकर निवेशकों में चिंता होने से भी बाजार में 'जोखिम से बचने' का रुख देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत गिरकर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,921.69 अंक लुढ़ककर 76,259.03 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 516.65 अंक यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार | सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर एग्रीटूरिज्म सेंटर के प्रचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है (तीन वर्ष की अवधि के लिए रेवेन्यू शेयरिंग)। | 09.07.2026 15.07.2026 | 25,00,000/- | https://hau.ac.in | 01662-255233 xen-c1@hau.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46975/I/88/6 दि. 08.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | एम.सी. कलानौर में म्हारी सड़क की उन्नति और अन्य शिकायतों के तहत गलियों और ड्रेन्स की मरम्मत एवं रखरखाव + 1 कार्य। | 07.07.2026 14.07.2026 | 27,49,287/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |
| 2 | नगर पालिका कलानौर | नगरीय भूमि डेटा का सिजरा आधारित टोपोग्राफिकल सर्वे (नगरीय भूमि और कृषि भूमि पर अतिक्रमण/निर्मित क्षेत्र और खुला क्षेत्र)। | 07.07.2026 14.07.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46974/I/88/6 दि. 08.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | जुलाना निर्वाचन क्षेत्र, जिला जीन्द में ग्रुप नं. 2 में रोड आईडी-9461, 3129, 6839 और 7725 वाले 4 अदद सम्पर्क रोड की विशेष मरम्मत (कार्य योजना 2026-27 के तहत) + 2 कार्य। | 06.07.2026 17.07.2026 | 10,55,97,326/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind38.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46980/I/88/6 दि. 08.07.26

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### बीएएमएस के लिए अधिसूचना जारी

# आयुर्वेद नीट के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह से पंजीयन


**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा–प्री आयुर्वेद (नीट-पीए) की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत विद्यार्थी जुलाई के तीसरे हफ्ते में पंजीकरण करा सकते हैं। बयान के अनुसार, विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब संस्कृत सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम में प्रवेश लेकर आगे 'बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी' (बीएएमएस) की पढ़ाई कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) से अनुमोदित है और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न आयुर्वेद गुरुकुलों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि नीट-पीए के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जुलाई के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगा और परीक्षा का आयोजन अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितम्बर के प्रथम सप्ताह में देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

### पीएफ धारकों के लिए खुशखबरी

# 15 जुलाई तक खातों में आएगा 8.25% ब्याज

**नई दिल्ली।** देश के करोड़ों नौकरीपेशा कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सरकार ने भविष्य निधि (पीएफ) खातों में ब्याज की रकम डालने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तय किया गया 8.25% सालाना ब्याज आगामी 15 जुलाई तक सभी सदस्यों के खातों में पूरी तरह क्रेडिट (जमा) कर दिया जाएगा। खाते में ब्याज की राशि जमा हुई है या नहीं, इसे कर्मचारी घर बैठे तीन बेहद आसान तरीकों से चेक कर सकते हैं। पहला तरीका मोबाइल पर सरकार की उमंग एप का है, जहां ईपीएफओ विकल्प में व्यू पासबुक पर क्लिक कर और अपना यूएएन दर्ज कर ओटीपी के जरिए पूरी पासबुक देखी जा सकती है। दूसरा तरीका ईपीएफओ के आधिकारिक ई-पासबुक पोर्टल का है, जहां यूएएन, पासवर्ड और कैप्चा कोड की मदद से लॉग इन करके खाते की वित्तीय स्थिति जानी जा सकती है। वहीं, जिन लोगों के पास स्मार्टफोन या इंटरनेट नहीं है, वे अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 011-22901406 पर एक मिस्ड कॉल दे सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6281



**बाएँ से दाएँ**


1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4


**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

### शब्द पहेली- 6280 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | य | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | य | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | य | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |




मुंबई, दहिवली, दादर और ठाणे में आंधी और बारिश का कहर बरपा

महाराष्ट्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश रेलवे ट्रैकों पर भरा पानी, आमजन हलकान

# कई राज्यों में भारी बारिश से आम जनजीवन ठप

◆ एनडीआरएफ, राहत एवं बचाव टीमें युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान में जुटीं

पुणे में भारी बारिश मुथा नदी में बहता पानी



कुल्लू: भारी बारिश के बाद ब्यास नदी उफान पर



### डोडा में बाढ़ के बाद राहत कार्य जारी


डोडा। डोडा जिले के थाथरी इलाके में बुधवार को हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ के बाद मरम्मत के काम के दौरान मलबे के बीच खराब पड़ी गाड़ी। मलबा हटाने, सड़कों को ठीक करने और नुकसान का अंदाजा लगाने के लिए लगातार दूसरे दिन मरम्मत का काम जारी रहा।

### सूरत में बाढ़, बोट लेकर पहुंची रेस्क्यू टीम



## खबर संक्षेप

### एनआईए की छापेमारी कई डिवाइस जब्त कीं

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने ऑनलाइन टेरर रेडिकलाइजेशन (आतंकवादी विचारधारा की ओर झुकाव) के एक मामले के सिलसिले में नौ राज्यों की 20 जगहों पर छापेमारी की। इसका मकसद आईएसआईएस और अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टीनेंट जैसे आतंकी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक 'जिहाद' छेड़कर भारत में इस्लामिक स्टेट बनाना था।

### बगलामुखी मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की होगी जांच

**नलखेड़ा।** मप्र के प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में एक गैर-सरकारी एजेंसी पर श्रद्धालुओं से एकत्र नकदी और आभूषण चोरी करने का आरोप लगा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने दोषियों को राक्षस और कालनेमी बताते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही है। मंत्री ने कहा जांच से पता चलेगा कि चढ़ावे की चोरी कब से हो रही थी और कितनी रकम का गबन हुआ। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गेस्ट हाउस में बदलेगा केजरीवाल का बंगला

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल के आधिकारिक आवास रहे सिविल लाइंस स्थित



फ्लैगस्टाफ रोड के बंगले को राज्य सरकार स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी कर रही है। इस प्रस्ताव पर सरकार अंतिम फैसला लेने के करीब है। बंगला नंबर-6 को अन्य राज्य अतिथि गृहों की तरह विकसित किया जाएगा।

### महादेव ऐप मास्टरमाइंड ओमान में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** महादेव सट्टेबाजी ऐप सिंडिकेट मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान में हिरासत में ले लिया गया है, जिसके बाद भारत उसके प्रत्यर्पण या निर्वासन की कोशिशों में जुट गया है। छत्तीसगढ़ निवासी चंद्राकर महादेव सट्टेबाजी ऐप का संस्थापक है और रॉयल ओमान पुलिस ने राज्य पुलिस तथा ईडी जैसी भारतीय जांच एजेंसियों के आग्रह पर उसके खिलाफ जारी इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर कुछ हफ्ते पहले उसे हिरासत में ले लिया।

# बंगाल में दुष्कर्म और हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

## पुलिस बोली- राइफल छीनकर भाग रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बारुईपुर में एक लड़की से दुष्कर्म और उसके बाद उसकी हत्या करने के मामले के मुख्य आरोपियों में से एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ मई में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद इस तरह की पहली पुलिस कार्रवाई है। पुलिस की यह कार्रवाई इस घटना को लेकर बढ़ते जनाक्रोश के बीच हुई है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी की पहचान प्रभास मंडल के रूप में हुई जिसे इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि बच्ची के लापता होने से पहले सीसीटीवी फुटेज में मंडल को उसके साथ देखा गया था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंडल पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को कथित तौर पर गुमराह कर रहा था और जांच में सहयोग नहीं कर रहा था, जिसके कारण जांच टीम घटना की कड़ियों को जोड़ने और अपराध में उसकी भूमिका का पता लगाने के लिए उसे मंगलवार रात 12 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर के सूर्यपुर ले गई थी। इसी दौरान, उसने अचानक एक पुलिसकर्मी से उसकी सरकारी पिस्तौल छीनी और भागने का प्रयास किया। मंडल ने पुलिस टीम पर एक गोली भी चलाई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें वह घायल हो गया। मंडल को बारुईपुर उप-मंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आरोपी का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरा जाएगा।

- तालाब से मिला था नाबालिग बच्ची का शव
- आरोपी का शव मां ने लेने से किया इनकार



### टीएमसी के जुलूस पर फेंके अंडे

## ममता ने तीन लोगों को मारे थप्पड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेत्री ममता बेनर्जी की रैली के दौरान जमकर हंगामा और बवाल हुआ। बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच निकाले जा रहे इस मार्च में टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े। इस हंगामे के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया है। दरअसल यह पूरा बवाल बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में ही शुरू हुआ था। इस वारदात के खिलाफ टीएमसी ने कलकत्ता हाई कोर्ट की मंजूरी के बाद रैली निकाली थी। मुख्य आरोपी प्रभा मंडल का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। जब यह मार्च बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था, तो टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता भिड़ गए और रैली अखाड़ा बन गई। इस दौरान नारेबाजी भी हुई। इस बीच ममता ने आपा खोया और अपने पार्टी के नेता को थप्पड़ मार दिया। वहीं ममता की इस रैली में अंडे भी फेंके गए।





### कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई

## टीएमसी के बैंक खातों में जमा 440 करोड़ फ्रीज

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी से जुड़े संदिग्ध फंड मामले में पीएमएलए के तहत जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने कोलकाता में टीएमसी के खातों को फ्रीज कर दिया है, जिनमें लगभग 440 करोड़ रुपए जमा हैं। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा 3मुख्य बैंक खातों पर लगाए गए 'डेबिट फ्रीज' के बाद हुई है। पुलिस ने शिकायत के बाद इन खातों से होने वाले सभी लेन-देन और निकासी पर रोक लगा दी थी। इस गुट का नेतृत्व ऋतब्रत बेनर्जी कर रहे हैं। अब ईडी ने इस मामले को अपने हाथ में लेकर जांच का दायरा बढ़ा दिया है।



**एक्शन के 3 मुख्य बिंदु**

- **हवाई कंपनियों पर शक:** 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का संदिग्ध फंड एविएशन और ट्रैवल कंपनियों के जरिए भेजा गया था।
- **कोलकाता में ताबड़तोड़ छापेमारी:** सीएपीएफ के साथ ईडी की टीमों ने कोलकाता में कई ठिकानों पर छापे मारे। यह छापेमारी एक प्राइवेट चार्टर फर्म 'केयरवेल एविएशन', उसके निदेशकों और एक कथित इलेक्टोरल ट्रस्ट से जुड़े परिसरों पर की गई।
- **संदेह का घेरा:** एजेंसी तफ्तीश कर रही है कि क्या इन खातों का इस्तेमाल भ्रष्टाचार, जबरन वसूली या तस्करी से जुड़ा है। कमाए गए पैसों को ठिकाने लगाने के लिए किया गया था।

## रिटायर अफसर के घर 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी मिली



### यूपी में विजिलेंस टीम की बड़ी कार्रवाई

*लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग से रिटायर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार कुबेर निकला। आगरा के तत्कालीन एआरटीओ ललित कुमार के लखनऊ स्थित घर पर विजिलेंस का छापा पड़ा। घर से 1.62 करोड़ रुपए नकद, 13 किलो सोना और 9 किलो चांदी बरामद हुई। कई शहरों में प्लॉट, फ्लैट के दस्तावेज भी मिले।*

### पंजाब विवाद पर बोले बघेल

## यह गुड्डे-गुड़िया का खेल नहीं, हम नियुक्त अध्यक्ष को नहीं हटाएंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने प्रदेश में पार्टी के नेतृत्व में किसी भी बदलाव की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे फैसले 'गुड्डे-गुड़ियों का खेल' नहीं हैं, जिन्हें बार-बार बदला जाए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व पर आलाकमान का फैसला अंतिम है। वे जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके चरणजीत सिंह चन्नी से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस ने घोषणा की थी कि अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे।

### चन्नी के तेवर पड़े ठंडे राहुल गांधी मेरे लीडर

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और उनके साथी नेताओं के तेवर पार्टी आलाकमान के दखल के बाद ठंडे पड़ गए हैं। राज्य में पार्टी की अंदरूनी कलह शांत होती दिख रही है।पंजाब कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने स्पष्ट किया है। राहुल गांधी ही उनके नेता हैं और चन्नी जब चाहें पार्टी हाईकमान से बात कर सकते हैं।

### उरियामघाट घटना पर असम सरकार की सफाई

## यह हरकत चिन्हित असामाजिक तत्वों की, नागा समुदाय की नहीं

**दिसपुर।** असम के संसदीय कार्य मंत्री पियूष हजारिका ने बुधवार को असम विधानसभा में स्पष्ट किया कि उरियामघाट सीमा क्षेत्र के गांवों में प्रत्येक परिवार से कथित रूप से 110 रुपये वसूले जाने की हालिया घटना कुछ चिन्हित असामाजिक तत्वों की करतूत है और इसे नागा समुदाय अथवा नागालैंड सरकार से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।विधायक नूरुल हुदा द्वारा नियम 54 के तहत उठाए गए नोटिस का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि गोलाघाट (सीमा) के पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, 23 जून को नागालैंड के नियूलैंड के हुकाई बस्ती के दो व्यक्ति उरियामघाट थाना क्षेत्र के राजापुखुरी गांवों में पहुंचे और गांव के प्रधानों को पत्र सौंपकर प्रत्येक परिवार से 110 एकत्र करने का निर्देश दिया। इन पत्रों में कथित रूप से एनएससीएन / जीपीआरएन (निक्की) के नाम पर हाउस टैक्स एवं जनगणना टैक्स वसूलने की बात कही गई थी।



## इसरो ने गगनयान पैराशूट प्रणाली का सफल परीक्षण पूरा किया

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान के क्रू मॉड्यूल के मुख्य पैराशूट का महत्वपूर्ण परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण मध्यप्रदेश के श्योपुर में हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास संस्थापन (एडीआरडीई) ड्रॉप जोन में किया गया। इसरो ने कहाक इस परीक्षण का मकसद पहले मानवरहित गगनयान जी1 मिशन के दौरान, ज़्यादा से ज़्यादा संभावित भार की स्थिति में मुख्य पैराशूट की मजबूती और डिज़ाइन को परखना था। परीक्षण के दौरान एक मुख्य पैराशूट और 'डमी' भार से युक्त एक सिम्युलेटेड असेंबली को भारतीय वायु सेना के आईएल-76 विमान से 2.5 किलोमीटर की ऊंचाई से गिराया गया।

### *भारत ने पिनाका लंबी दूरी निर्देशित रॉकेट का सफल परीक्षण*

*नयी दिल्ली। भारत ने बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण स्थल से पिनाका लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट का सफल उड़ान परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रॉकेट का परीक्षण उपयोगकर्ता द्वारा तय 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी की मारक क्षमता की जांच करने के लिए किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीआरडीओ ने आठ जुलाई को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण स्थल पर पिनाका लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट का सफल उड़ान परीक्षण किया।*


## मुंबई एयरपोर्ट पर आमने-सामने आए प्लेन

- एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद खड़ा था
- एअर इंडिया प्लेन ने रनवे से टेक-ऑफ रन शुरू किया

एजेंसी ⏭ मुम्बई

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात 10 बजे की बताई गई है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रन रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सिलिगुड़ी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रनवे खाली कर ही रही थी। जबकि दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई816 के क्रू ने एटीसी के निर्देश मिलते ही टेकऑफ रन तुरंत रोक दिया और विमान को वापस पार्किंग एरिया में ले जाया गया। एयरलाइन के मुताबिक, विमान की स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर के तहत जांच की जाएगी। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। आम तौर पर, टेक-ऑफ रन का मतलब है टेक-ऑफ की रफ्तार पकड़ने से पहले विमान का जमीन पर दौड़ना। इससे पहले जून में अहमदाबाद एयरपोर्ट पर भी ऐसी ही घटना हुई थी, जब एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमान एक ही टैक्सीवे (रनवे का एक हिस्सा) पर आमने-सामने आ गए थे।

अहमदाबाद में पिछले महीने हुई थी ऐसी ही घटना



## अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव ऑस्ट्रेलिया पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गए हैं। जहां हवाईअड्डे पर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई सैन्य बलों की मौजूदगी में रेड कार्पेट वेलकम किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में पीएम के इंतजार में खड़े भारतीयों ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया। सभी अपने हाथों में तिरंगा लिए हुए थे और बस प्रधानमंत्री की एक झलक पाने और उनसे किसी भी तरह से मिलने के लिए उत्सुक नजर आए। पीएम ने भी सभी के साथ हाथ मिलाकर गर्मजोशी से भरे इस अभिवादन को स्वीकार किया। यह जानकारी पीएम ने एक्स पर अपनी कुछ पोस्ट के जरिए दी है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की यह ऑस्ट्रेलिया यात्रा 8 से 10 जुलाई तक चलेगी और इसके बाद वह न्यूजीलैंड रवाना हो जाएंगे।



### खराब मौसम और सुरक्षा कारणों से सेना ने अस्थायी रोक लगाई

## कैलाश पर्वत दर्शन के लिए अभी करना होगा इंतजार

एजेंसी ⏭ पिथौरागढ़

तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत के भारत से दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को अभी दो महीने इंतजार करना होगा। फिलहाल इनर लाइन परमिट (आईएलपी) जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि सितंबर के आसपास परमिट शुरू होने पर आदि कैलाश और ओम पर्वत आने वाले श्रद्धालु 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित ओल्ड लिपुलेख (ओल्ड लिपुपास) जाकर भारत की सीमा से कैलाश पर्वत के दर्शन कर सकेंगे। इस वर्ष यात्रा सीजन की शुरुआत में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कैलाश पर्वत के दर्शन कर चुके हैं। बाद में खराब मौसम और सुरक्षा कारणों से सेना ने इस क्षेत्र में आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी थी।

### 2 माह बाद जारी होंगे परमिट, व्यू पॉइंट पर रोज बदलता मौसम



#### *ओल्ड लिपुलेख 17 हजार फीट ऊंचाई पर*

*ओल्ड लिपुलेख चीन सीमा पर समुद्र तल से करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह हाई एल्टीट्यूड क्षेत्र है, जहां हर दिन मौसम बदलता रहता है। बादल और घना कोहरा छाने पर कैलाश पर्वत दिखाई नहीं देता। ओल्ड लिपुलेख तक सड़क बन चुकी है, लेकिन अंतिम चोटी तक पहुंचने के लिए करीब 300 मीटर पैदल खड़ी चढ़ाई करनी पड़ती है।*



#### *अमरनाथ यात्रा: 9,837 तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा जत्था कड़ी सुरक्षा में रवाना*

*जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 9,837 तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा जत्था बुधवार को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हुआ। यह अब तक का सबसे बड़ा एकल-दिवसीय जत्था है। सातवें जत्थे में कुल 361 वाहनों के काफिले में रवाना हुआ। इसमें से 5,337 श्रद्धालु 188 वाहनों से पारंपरिक पहलगाम मार्ग के लिए, जबकि 4,500 श्रद्धालु 173 वाहनों से छोटे बालटाल मार्ग के लिए निकले।*

## चिंतन

# फिर अनिश्चितता के भंवर में दुनिया

मध्य-पूर्व एक बार फिर अशांत होता दिखाई दे रहा है। ईरान के अड़ियल रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पलटवार के कारण दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। खाड़ी में युद्ध के कारण कच्चा तेल, गैस और ऊर्जा सभी की महंगाई और टूटती चेन सप्लाई ने लोगों को परेशान कर रखा था। युद्ध विराम के बाद दुनिया कुछ उभरने लगी थी, लेकिन अब होर्मुज में कतर समेत तीन जहाजों पर ईरान का हमला और फिर ट्रम्प का यह कहना कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम (सीजफायर) अब समाप्त हो चुका है और अमेरिका ईरान से कोई नई डील नहीं करना चाहता, क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, ईरान पर 80 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। यह घटनाक्रम केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय है। इस साल एक तरफ अलनीनो के कारण कमजोर मानसून और दूसरी तरफ ईरान की बेजा हरकत ने दुनिया को परेशानी में डाल दिया है। ईरान ने शांति की सारी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब खाड़ी के देशों को एकजुट होकर ईरान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। होर्मुज में जहाजों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहाजों पर लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए काम करते हैं। ऐसे में उनको निशाना बनाया जाना गलत है। खासकर जहाजों पर काम करने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। ऐसे में दुनिया के किसी भी जहाज पर हमला भारतीय नागरिकों पर हमले जैसा है। भारत सरकार को भी ईरान को दो टूक कहना चाहिए कि भारतीयों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। ईरान अपने प्रतिशोध के लिए दूसरा तरीका अपनाए। अमेरिका का तर्क है कि ईरान समर्थित गतिविधियों और उसके परमाणु कार्यक्रम से क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा को खतरा है। दूसरी ओर ईरान इसे अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न मानते हुए सैन्य दबाव के बीच किसी समझौते से इनकार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अविश्वास वर्षों पुराना है, लेकिन हाल की घटनाओं ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यदि जवाबी कार्रवाई का यह सिलसिला जारी रहता है, तो संघर्ष सीमित नहीं रहेगा और पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है।यदि अमेरिका अपने सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने की बात कह रहा है, तो यह पश्चिमी देशों की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था में मतभेदों की ओर संकेत करता है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की शक्ति उसकी एकजुटता में होती है। यदि रणनीतिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आने लगें, तो इसका लाभ अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियां उठा सकती हैं। भारत के लिए भी यह स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार से जुड़े हित इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए भारत को अपनी पारंपरिक संतुलित विदेश नीति के अनुरूप शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का पक्ष मजबूत करना चाहिए। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध में अंततः जीत किसी की नहीं होती, जबकि मानवता, अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता सबसे अधिक नुकसान उठाती है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि सैन्य शक्ति भय पैदा कर सकती है, लेकिन विश्वास नहीं। स्थायी शांति केवल बातचीत, पारस्परिक सम्मान और कूटनीतिक समाधान से ही संभव है।



साझेदारी
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

# विश्व राजनीति के नए दौर में भारत

**इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनिया केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं से नहीं चलती, बल्कि राष्ट्रीय हितों, आर्थिक साझेदारियों, तकनीकी सहयोग और मानव संसाधनों के साझा विकास से आगे बढ़ती है। इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। पहले देशों के बीच संबंध मुख्यतः सैन्य शक्ति और राजनीतिक प्रभाव तक सीमित थे, लेकिन आज आर्थिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय वैश्विक संबंधों के केंद्र में आ चुके हैं।

ऐसे समय में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विकास, निवेश, रोजगार और नागरिकों के भविष्य से जोड़ दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। इंडोनेशिया के साथ भारत के संबंध केवल दो मित्र देशों के संबंध नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समुद्री सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के बीच स्थित यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक समझौते पूरे क्षेत्र की स्थिरता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे रक्षा सहयोग केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक हैं। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होती है और रक्षा निर्यात के नए अवसर भी पैदा होते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ती निकटता भारत की बदलती रणनीतिक सोच को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया आज केवल एक मित्र देश नहीं, बल्कि ऊर्जा, शिक्षा, तकनीक और खनिज संसाधनों का महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही दुनिया में लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की मांग लगातार बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इन संसाधनों से समृद्ध है और भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण तथा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इनकी आवश्यकता है। इसलिए दोनों देशों का सहयोग केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का भी आधार बन रहा है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और मानव संसाधन विकास भी बन चुका है। आज लाखों भारतीय छात्र विदेशों में उच्च



शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑस्ट्रेलिया में अध्ययनरत है। यदि दोनों देशों के बीच वीजा प्रक्रिया सरल होती है, शोध सहयोग बढ़ता है और डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता मजबूत होती है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। इस प्रकार विदेश नीति अब केवल सरकारों के बीच संबंध नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे युवाओं के सपनों और परिवारों की आकांक्षाओं से जुड़ गई है। बदलते वैश्विक समीकरणों में व्यापार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया ने महामारी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के दौरान देखा कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए आज हर देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में है।

भारत अपनी विशाल बाजार क्षमता, कुशल मानव संसाधन, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत विनिर्माण क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें केवल घरेलू योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें वैश्विक निवेश और निर्यात वृद्धि से भी जोड़ा गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सक्रियता ने भी विश्व राजनीति को नई दिशा दी है। अनेक देश संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। भारत ने भी किसी टकराव की नीति अपनाने के बजाय सहयोग, संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी है। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है। क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी, समुद्री सुरक्षा पर सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास इसी सोच का परिणाम हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से शिक्षा, तकनीक, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। आज दुनिया कुशल मानव संसाधनों की तलाश में है और भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है। आवश्यकता केवल इस प्रतिभा को सही अवसरों से जोड़ने की है। विदेश नीति का यही नया स्वरूप भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। आज की दुनिया में किसी भी देश की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती, तकनीकी प्रगति, नवाचार, कूटनीतिक प्रभाव और वैश्विक विश्वसनीयता से भी तय होती है। भारत इन सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विकसित देशों से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है, बल्कि वर्षों की संतुलित नीति, निरंतर संवाद और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए केवल चुनौतियाँ लेकर नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मजबूत होते संबंध इस बात के संकेत हैं कि भारत अब विश्व व्यवस्था में एक प्रभावशाली, विश्वसनीय और दूरदर्शी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि यही गति, संतुलन और दूरदृष्टि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा, बल्कि करोड़ों भारतीयों, विशेषकर युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को भी नई उड़ान देगा। यही बदलते वैश्विक दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी आशा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



# बच्चियों के साथ बर्बरता-समाज को भयभीत करती घटनाएं

हाल ही में राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक नाबालिग के साथ दरिंदगी के गंभीर अपराध से समग्र समाज स्तब्ध है। बेटियों की सुरक्षा को लेकर हर परिवार चिंतित है। मासूम बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और खरीद-फरोख्त का यह झकझोर देने वाला मामला दिशाहीन और अमानवीय होती सोच की बानगी है। इस घिनौनी वारदात में ई-रिक्शा चालक ने बच्ची को विश्वास में लेकर एक होटल संचालक को बेच दिया। उसके बाद बंधक बनाकर अलग-अलग होटलों में उसके साथ लगातार 5 दिन तक दरिंदगी की गई। दर्द से तड़पती मासूम को शांत करने और सुलाने के लिए जबरन शराब पिलाई जाती थी। वस्तुतः, यह शर्मनाक और खौफनाक घटना खत्म होते नैतिक मूल्यों और लचर कानून व्यवस्था दोनों की कटु हकीकत लिए है। इतना ही नहीं, नाबालिग बच्चियों के साथ होते संगठित अपराध और मानव तस्करी के आंकड़े तो डराने वाले ही हैं।पीड़ादायी है कि बेटियों के साथ कुत्सित सोच वाले लोगों के वहशीपन की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। दरिंदगी की इन्तेहा पार करने वाले ऐसे मामले बार-बार बेटियों की सुरक्षा और लोगों की निर्दयी होती सोच को सामने रखते हैं। इंसानी सोच का यह कलुषित पक्ष समाज में डर का सबसे बड़ा कारण बन गया है। चिंतनीय है कि बात श्रीगंगानगर में हुई घिनौनी और बर्बर घटना भर की नहीं है। देश के हर हिस्से से आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं जिनमें मासूम बच्चियों के साथ ऐसी शर्मनाक और वीभत्स घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। जीवन के सही मायने तक ना समझने वाली उम्र में भी बच्चियों के साथ हद दर्जे की बर्बरता हुई है। शर्मनाक ही है कि शारीरिक शोषण और क्रूरता के ऐसे मामलों में अनजान लोगों की ही नहीं, अपनों की भी भागीदारी देखने को मिली है। कहना गलत नहीं होगा कि घर हो या बाहर, मौजूदा परिवेश में बेटियां असुरक्षित भी हैं और अमानवीयता भी झेल रही हैं। चाइल्डलाइट ग्लोबल चाइल्ड सेफ्टी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट 'इंटू द लाइट इंडेक्स 2025' के अनुसार भारत में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों में 2017 से 2022 तक 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक हमारे यहां हर 30 मिनट में एक बच्चे के साथ यौन दुर्व्यवहार हो रहा है। एनसीआरबी की पिछले साल की रिपोर्ट बताती है कि भारत में बच्चों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है।यह आंकड़ा 2022 के आंकड़ों की तुलना में लगभग 9 फीसदी अधिक है। इन मामलों में नाबालिग लड़कियों के साथ हो रहे अपराधों की संख्या सबसे चिंताजनक है। असल में समाज के सभ्य-संवेदनशील लोगों को झकझोर कर रख देने वाले इन मामलों की पुनरावृत्ति होना सबसे चिंतनीय पक्ष है। खासकर बेटियों के अभिभावकों के मन में तो ऐसे समाचार नैराश्य, विषाद और भय पैदा करते हैं। मासूम बच्चियों के साथ होने वाली ऐसी हैवानियत उनके पूरे व्यक्तित्व को खंडित कर देती है । भावी जीवन में उनके विचार और व्यवहार दोनों ही ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण वाकये से प्रभावित होते हैं। मनोवैज्ञानिक रूप से तो मासूम मन ऐसे हादसे से जीवन भर नहीं उबर पाता। यह बर्बरता बहुत सी बच्चियों का जीवन ही छीन लेती है। विचारणीय है कि इन खबरों का समाज की मानसिकता पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भय भरे परिवेश में बच्चियों का बचपन छिन जाता है । गांवों-कस्बों में हुई ऐसी एक घटना कई बेटियों का स्कूल जाना छुड़वा देती है। माता-पिता कम उम्र में उनकी शादी करने को विवश हो जाते हैं। इतना ही नहीं, बरसों तक चलने वाले ऐसे मुकदमे भी कहीं ना कहीं बेटियों के परिवारजनों के लिए ही प्रताड़ना का कारण बन जाते हैं। कठोर कानून बनने के बावजूद ऐसे दुस्साहस भरे मामले हर दिन सामने आ रहे हैं। हाल ही में पुणे के नसरापुर में 3 साल की मासूम से दुष्कर्म और हत्या के जघन्य मामले में विशेष पॉक्सो अदालत ने दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। यह फैसला मात्र 60 दिनों के रिकॉर्ड समय में 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' श्रेणी के तहत सुनाया गया। कहना गलत नहीं होगा कि मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार और यौन शोषण की घटनाएं विकृत और बार्बर मानसिकता को दर्शाती हैं। कानूनी लचरता संग हर ओर परोसी जा रही अश्लीलता ने हालात भयावह बना दिए हैं। स्मार्ट स्क्रीन में पल-पल देखा जा रहा पॉर्न और नेगेटिव कंटेन्ट हर उम्र के लोगों में कुत्सित मनःस्थिति को पोषण दे रहा है। कहीं न कहीं जीवन के हर पहलू पर विस्तार पा रही संस्कारहीन सोच और नैतिक अवमूल्यन ही भयावह हादसों के लिए जिम्मेदार है। इसीलिए कड़े कानूनों संग इंसानी मन में बेटियों की सुरक्षा के प्रति मानवीय दायित्व और संवेदनशील सोच का भाव भी आवश्यक है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
**दर्शन**

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## जीवन का,जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार-बार यही परामर्श दिया कि वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई, जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है कि एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं कि जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते हैं, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते हैं, न ईश्वर का साक्षात्कार करते हैं। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीर रूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके ,कर ले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बरसा आसमान का कहर

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपए की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई।

*- सीमा, जींद*

## ट्रेंड

### प्रम्बानन मंदिर



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अब इंडोनेशिया के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'प्रम्बानन मंदिर' के संरक्षण में अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। प्रम्बानन मंदिर में गूंजता "ॐ नमः शिवाय" सनातन की शाश्वत चेतना का दिव्य स्पंदन है।
**- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक स्थल



उत्तर प्रदेश में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद, अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में दान चोरी और गबन का मामला भी काफी चर्चा में है। इन दोनों मशहूर धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी ठीक से जांच होनी चाहिए।
**-मायावती**, पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश

### भूस्खलन दुखद



वायनाड में हुआ भूस्खलन बेहद दुखद है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं हैं।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### फुटबॉल वर्ल्ड कप



फुटबॉल वर्ल्ड कप यह साबित करता है कि बड़े-बड़े पुरुषों को भी खुलकर रोने की इजाज़त है ताकि दुनिया देख सके... और हम भी उनके साथ रोते हैं... यहाँ तक कि सबसे मज़बूत लोग भी। ख़ासकर वे जो सबसे ज़्यादा मज़बूत होते हैं।
**-शेखर कपूर**, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत का प्रतिनिधित्व करती है

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने कहा कि भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण पोत 'आईएनएस सुदर्शनी' की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा और आपसी संबंधों को प्रदर्शित करती है।



अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित हो रहे 'यूनाइटेड स्टेट्स इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250' और 'सेल फोर्थ 250' समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'आईएनएस सुदर्शनी' गर्व के साथ तिरंगा लहराते हुए चार जुलाई को न्यूयॉर्क पोर्ट पहुंची। प्रधान ने मंगलवार को बताया, 'आईएनएस सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत की शानदार परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है और भारतीय नौसेना की ताकत और कौशल को दिखाती है। यह भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत होते आपसी संबंधों का भी प्रतीक है।' आईएनएस सुदर्शनी का यह दौरा पोत के 10 महीने लंबे समुद्री अभियान 'लोकायन 2026' का हिस्सा है। भारत सरकार के एक बयान के अनुसार यह अभियान 'समुद्री सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सद्भावना बढ़ाने और सहयोगी नौसेनाओं के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## ऑफ बीट

# मधुमक्खियों के चेहरे खोल सकते हैं उनके मन के राज

इंसान अक्सर सामने वाले के चेहरे के भाव देखकर समझ लेते हैं कि वह खुश है, परेशान है या किसी चीज को पसंद नहीं कर रहा है। स्वादिष्ट भोजन मिलने



पर मुस्कान आ जाती है, पसंद न आने वाली चीज पर चेहरा सिकुड़ जाता है। लेकिन क्या ऐसा ही कुछ छोटे-से शरीर वाली मधुमक्खियों के साथ भी होता है? हम अपने आसपास के जानवरों को देखकर अक्सर समझ लेते हैं कि वे खुश हैं, डर रहे हैं या उन्हें दर्द हो रहा है। मधुमक्खियों का चेहरा इंसानों की तरह भाव दिखाने वाला नहीं होता। उनका बाहरी शरीर कठोर खोल से ढका होता है, इसलिए पहली नजर में लगता है कि उनके चेहरे पर कोई बदलाव संभव नहीं होगा। लेकिन वैज्ञानिकों का ध्यान उनके मुंह के बेहद सक्रिय हिस्से 'ग्लोसा' पर गया। यह एक लंबी जीभ जैसी संरचना होती है, जिसकी मदद से मधुमक्खियां फूलों से रस चूसती हैं। प्रयोगों में शोधकर्ताओं ने भौंरों (बम्बलबी) को अलग-अलग स्वाद वाली छोटी-छोटी बूंदें दीं और उनकी प्रतिक्रियाओं को ध्यान से देखा। जब एक मधुमक्खी को चीनी का घोल दिया गया तो उसने तेजी से अपनी ग्लोसा बाहर निकाली और उसे पी लिया। लेकिन हैरानी तब हुई जब घोल खत्म हो गया और उसे देने वाली पाइपेट हटा ली गई। इसके बाद भी मधुमक्खी कुछ समय तक अपनी ग्लोसा को बाहर निकालती और अंदर करती रही।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्ज़रलैंड ने मारी एंट्री



- शनिवार को चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ंत
- पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया पर दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे स्विट्ज़रलैंड खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके 72 साल बाद विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। स्विट्ज़रलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्ज़रलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था।


### स्विस टीम मंज़ांबी के बिना उतरी मैदान में

स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन गोल किए थे। यह एक ऐसा मैच था, जिसमें किसी तरह का रोमांच नहीं था। अतिरिक्त समय के बाद भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं रही थी लेकिन स्विट्ज़रलैंड ने धैर्य बनाए रखा, जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विश्व कप में दो गोल कर चुके वर्गास ने पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था लेकिन वह मैच के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे। शूटआउट में कोलंबिया के डिफेंडर डेविंसन सांचेज़ का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकराया और स्विट्ज़रलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कूचो हर्नांडिज के शॉट को बचा लिया।

### स्टेडियम में मौजूद थे 50 हजार से अधिक दर्शक

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी बीसी प्लेस में मौजूद लोगों में शामिल थे, जहां खचाखच भरे स्टेडियम में 52,497 दर्शकों में से अधिकांश कोलंबिया के समर्थन में पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। कोबेल ने कहा, ' दर्शकों का समर्थन उनके पक्ष में था, इसलिए हमारे लिए यह एक कठिन मुकाबला था। हम जानते हैं कि खेल के कुछ ऐसे क्षण थे जब हमें रक्षात्मक खेल खेलना था और मानसिक रूप से मजबूत रहना था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुपस्थित थे, इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी।'

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे मेस्सी



**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला 9 मैचों का कर लिया। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है । वह लगातार 9 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।'गोल्डन बूट' की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में 'गोल्डन बूट' की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था।

# 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

- नोवाक ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को हराया
- जोकोविच ने जीता विंबलडन का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला, जहां उन्होंने 5 घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच 5 घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।

### रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ मुकाबला

पांच घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बेसलाइन पर चले कड़े मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ी बुरी तरह थक चुके थे। यह मुकाबला पांचवें सेट के तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक में अपने पीक पर पहुंचा। मैच का एक अहम पल 22-शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली के दौरान आया। जोकोविच ने लगातार ऑगर-एलियासिम को कोर्ट के एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ाया। आखिर में मैराथन मुकाबले से बुरी तरह थक चुके कनाडाई खिलाड़ी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी को टाई-ब्रेक में 9-4 की मजबूत बढ़त मिल गई। इससे बाद जोकोवचि ने जीत के लिए एक पॉइंट हासिल करने के लिए काफी थके होने के बाद भी अपनी पूरी ताकत लगा दी और अपने वंबिलडन करियर का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

### सिनर के साथ होगा हाईवोल्टेज सेमीफाइनल

जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस सेमीफाइनल में टेनिस की सबसे रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं में से एक फिर से देखने को मिलेगी। सिनर ने पिछले साल विंबलडन सेमीफ़ाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था, जबकि सर्बियाई खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में इटली के खिलाड़ी को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराया था।

### युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, 'ये वो पल हैं, जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं, जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'

### विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे लगातार आठवीं बार

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,'उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।'

## खबर संक्षेप

### हमारे हर गेंदबाज ने किया अच्छा प्रदर्शन

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि



भारत में आईपीएल के दौरान आसान विकेट पर खेलने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंदबाजी करना सामान्य स्थिति में वापसी करना है। आर्चर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है।' उन्होंने कहा, 'यहां आप अच्छी लेंथ पर सीधी गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं। जबकि वहां, विकेट आसान होने और बाउंड्री छोटी होने के कारण बहुत सावधानी बरतनी पड़ती है।'

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले तीन मुकाबलों के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। 19 वर्षीय युवा स्पिन गेंदबाज विटेल लॉज को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। विटेल लॉज ने मौजूदा घरेलू सीजन से पहले आयोजित तैयारी शिविर में सीनियर टीम के साथ भी अभ्यास किया था। उन्होंने इस साल हुए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट अपने नाम किए थे। इसके साथ ही पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा डॉट गेंदें फेंकने का रिकॉर्ड भी उनके नाम रहा।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान शीर्ष पर बरकरार बेथेल ने लगाई लंबी छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी टी20 के बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाजों ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ईशान किशन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। भारत के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के दूसरे मैच में नाबाद 76 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज जैकब बेथेल को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। बेथेल 7 स्थान ऊपर चढ़ते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श नौवें, जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दसवें स्थान पर हैं।

### बुमराह और वरुण को नुसान

टी20 गेंदबाजों की बात करें तो अफगानिस्तान के राशिद खान पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए तीसरे, और ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए चौथे स्थान पर हैं। भारत के वरुण चक्रवर्ती को 2 स्थान का घाटा हुआ है, वह पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बोश क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। जसप्रीत बुमराह को दो स्थान का घाटा हुआ है, वह आठवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

# दो हार के बाद दबाव में टीम इंडिया, हर हाल में जीतना होगा चौथा टी20

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब गुरुवार को श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी।

टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा।

**इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज**



### सैमसन की वापसी की संभावना

टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है, जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**टीम प्रबंधन की रणनीतियों की हो रही आलोचना**

टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए।

## कंपाउंड महिला टीम तीरंदाजी विश्व कप चरण चार के फाइनल में

भाषा ▶▶| मैड्रिड

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में नए कोच डेव कजिन्स के मार्गदर्शन में पदक जीतने की राह पर वापसी की जब महिला टीम ने फाइनल में जगह बनाई लेकिन पुरुष टीम मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में महिला वर्ग में परनीत कौर को छोड़कर सभी सात भारतीय कंपाउंड तीरंदाज राउंड ऑफ 32 में पहुंचने के बाद पदक की दौड़ में बने हुए हैं। मैड्रिड में चरण चार के साथ ही अमेरिका के दिग्गज कजिन्स का भारत के कंपाउंड कोच के तौर पर कार्यकाल शुरू हुआ।

मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद अमेरिकी कोच के मार्गदर्शन में भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन दौर में प्रभावित किया। पुरुष टीम ने शीर्ष वरीयता हासिल की और महिला टीम सातवीं वरीय के रूप में नॉकआउट में पहुंची। ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिता तनिपार्थी और पृथिका प्रदीप की महिला तिकड़ी फाइनल मुकाबले तक पहुंची।

**तीन साल 5 महीने में जीती पहली टेस्ट सीरीज**

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 23 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| एंटीगुआ




वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। श्रीलंका से मिले 302 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 109 रन बनाए, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के साथ ही वेस्टइंडीज ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया। वेस्टइंडीज ने 23 साल बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। इसके साथ ही पिछले 3 साल और 5 महीने में यह कैरेबियाई टीम की पहली टेस्ट सीरीज जीत है।

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैंपबेल 113 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि किंग 5 चौके और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

# भारतीय महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 चैंपियनशिप में नौ पदक पक्के किए

**जकार्ता ।** भारत की अंडर-23 महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को नौ वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। तनु (51 किग्रा) ने थाईलैंड की केवालिन नोरासिंग के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि निशा (54 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की आलियाक्सर सिम्बैट के खिलाफ इसी अंतर से जीत हासिल की। निधि ने 48 किग्रा वर्ग में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन खंडित फैसले में कजाखस्तान की गुलनाज बुरीबायेवा से 2-3 से हार गईं। प्राची (57 किग्रा) ने कोरिया की येजिन ओह के खिलाफ पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से शानदार जीत हासिल की। निकिता चंद (60 किग्रा) ने चीनी ताइपे की चेन शुआन ये के खिलाफ तीसरे राउंड में आरएससी से जीत दर्ज की जबकि काजल (65 किग्रा) ने कड़े मुकाबले में जापान की अरिंडा अकिमोतो को 4-1 से हराया। भारत ने अंडर-23 महिला प्रतियोगिता में कुल नौ पदक पक्के कर लिए हैं क्योंकि सभी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मुक्केबाजों को पदक मिलता है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मुक्केबाजों में तनु (51 किग्रा), निशा (54 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), काजल (65 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा), नैना (80 किग्रा) और प्रियंका (80 किग्रा से अधिक) शामिल हैं।

**हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य जीतकर ओलंपिक के लिए कोटा हासिल की थीं**

# 22 साल की स्वैग वाली मुक्केबाज, राष्ट्रमंडल खेलों में 'गोल्ड' पर नजरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार ने अपने करियर की शुरुआत में ही यह सबक सीख लिया था कि जीवन में कुछ भी निश्चित नहीं होता और उम्मीद के अनुरुप योजनाएं काम नहीं करती इसलिए वह शानदार नतीजों के भरोसे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर नजरें लगाए हैं। वह किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रही हैं।

22 साल की बैंथमवेट (54 किग्रा) मुक्केबाज प्रीति पिछले तीन साल में भारत की सबसे होनहार मुक्केबाजों में से एक बनकर उभरी हैं। उन्होंने मुश्किलों का सामना करते हुए लगातार पदक जीते हैं। प्रीति ने 2023 में सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बावजूद प्रभावित किया। उसी साल बाद में उन्होंने हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करके वापसी की।



### लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने की जबरदस्त वापसी

प्रीति ने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं और भारत के लिए पदक पदक जीतना चाहती हूं। देखते हैं क्या होता है क्योंकि कभी-कभी हम कुछ योजना बनाते हैं लेकिन चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी हम चाहते हैं।' ओलंपिक के बाद लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीता और फिर स्पेन में बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने कड़े मुकाबले के बीच एशियाई चैंपियनशिप का खिताब जीता।

### सुधार की काफी गुंजाइश : प्रीति

एशियाई चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक भी महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि इस साल के आखिर में एशियाई खेलों में भी कई वही प्रतिद्वंद्वी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा मुकाबला था और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए बहुत अच्छा था क्योंकि वहां भी मुझे वही प्रतिद्वंद्वी मिलेंगे। इसने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम किया है। वहां मेरा प्रदर्शन एक अच्छा संकेत था।' हालिया सफलता के बावजूद प्रीति का मानना है कि सुधार की काफी गुंजाइश है क्योंकि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं।




## कुवैत पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# क्राउन प्रिंस से मिले, द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर जोर, प्रधानमंत्री मोदी का दिया संदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार सुबह कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से क्राउन प्रिंस को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने ‘एक्स’ पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने भारत-कुवैत द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की क्राउन प्रिंस की प्रतिबद्धता की सराहना की और खाड़ी क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर उनके विचार साझा करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर छह देशों की अहम यात्रा पर हैं। दौरे के तीसरे दिन बहरीन होते हुए वो कुवैत पहुंचे, जहां कुवैत के उप विदेश मंत्री हमद सुलेमान मशान अल-मशान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जयशंकर ने स्वागत के लिए उप विदेश मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कुवैत में होने वाली अपनी विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों को लेकर उत्साहित हैं।

कुवैत के बाद जयशंकर ओमान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

## कनाडा पुलिस ने ही खोल दी अपने पूर्व पीएम की पोल

अब तक लगाए आरोपों के आधार पर कोई सबूत नहीं

# जांच में बताया झूठे थे ट्रूडो के आरोप निज्जर की हत्या में भारत का हाथ नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लगभग तीन साल पहले कनाडा के तत्कालीन पीएम जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। लेकिन अब कनाडा की पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के कोई सबूत नहीं मिले हैं। यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका ने निज्जर हत्याकांड में भारतीय मूल के गैंगस्टर्स के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

*कनाडा की पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के कोई सबूत नहीं मिले हैं*



### जांच अभी भी जारी

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की डिप्टी कमिश्नर लिसा मोरलैंड ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जांच अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध सिंडिकेट की इस जांच और अब तक लगाए गए आरोपों के आधार पर ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे यह कहा जा सके कि भारतीय सरकार के अधिकारी इस मामले में शामिल थे या उनके खिलाफ आरोप लगाए जाएंगे। अब तक ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है जो भारतीय सरकार को इस मामले से जोड़ती हो। लिस मोरलैंड ने कहा कि गिरफ्तारियों और जब्ती की कार्रवाई के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है।

### *भारत ने पहले ही आरोपों को बेबुनियाद बताया था*

*ट्रूडो के आरोपों को भारत ने शुरू से ही बेबुनियाद और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया था। इन आरोपों के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था, द्विपक्षीय वार्ताएं ठप हो गई थीं और रिश्तों में गहरी तल्खी आ गई थी। बता दें कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर को भारत ने 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। वह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का प्रमुख था। जून 2023 में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सर्रे शहर में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में दो नकाबपोश हमलावरों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।*

### गोल्डी बराड़ पर 50 हजार डॉलर का इनाम



अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े आरोपी सतिंदरजीत सिंह की गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने पर 50,000 डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। वहीं, अमेरिका, कनाडा और यूरोप की सुरक्षा एजेंसियों ने 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' के तहत लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ समेत तीन अंतरराष्ट्रीय अपराधी गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप

### युगांडा में बस और ट्रक की टक्कर, 14 की मौत



**कम्पाला।** युगांडा में बस और ट्रक की टक्कर, 14 की मौत कम्पाला। अफ्रीकी देश युगांडा के उत्तरी क्षेत्र में दूरस्थ स्थान पर बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात उत्तरी शहर गुलु जाने वाले राजमार्ग पर एक व्यापारिक केंद्र पर हुई। शुरूआती जानकारी के अनुसार बस चालक वाहन को तेज रफ्तार से चला रहा था और अचानक सड़क पर आए एक राहगीर को बचाने की कोशिश में वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा।

## एनआईए की निगाह में आए ‘इस्लामिक स्टेट’ के कई मददगार

# दिल्ली समेत 9 राज्यों में 20 से अधिक जगहों पर छापेमारी, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने ऑनलाइन टेरर रेडिकलाइजेशन (आतंकवादी विचारधारा की ओर झुकाव) के एक मामले के सिलसिले में बुधवार को नौ राज्यों की 20 जगहों पर छापेमारी की। इसका मकसद आईएसआईएस और अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टीनेंट (एक्यूआईएस) जैसे आतंकवादी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक ‘जिहाद’ छेड़कर भारत में इस्लामिक स्टेट बनाना था।

» **आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा पुलिस से इस केस को अपने हाथ में लिया था और नई एफआईआर दर्ज की थी**

» **मुख्य आरोपी रहमतुल्लाहशरीफ मोहम्मद के घर से आतंकी संगठनों से जुड़ी सामग्री मिली थी**

ऑनलाइन भारत विरोधी साजिश की ले रहे थे ट्रेनिंग



### मार्च में हुई गिरफ्तारी से एनआईए ने कसा शिकंजा

एजेंसी ने इस मामले की जांच के तहत जिन 20 जगहों पर तलाशी ली, उनमें यूपी में 5, आंध्र प्रदेश में 4, महाराष्ट्र में 3, दिल्ली में 2 और बिहार, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में एक-एक जगह शामिल है। बता दें, एनआईए की विशाखापत्तनम ब्रांच ने इस साल 13 मई को आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा पुलिस से इस केस को अपने हाथ में लिया था और नई एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले की शुरुआत मार्च में हुई थी, जब मुख्य आरोपी रहमतुल्लाह शरीफ मोहम्मद के घर से आतंकी संगठनों से जुड़ी सामग्री मिली थी।

### *युवाओं को करते थे गुमराह*

*जांच में सामने आया है कि इस पूरी साजिश का मुख्य मकसद भारत में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक ‘जिहाद’ छेड़कर देश में ‘इस्लामिक स्टेट’ स्थापित करना चाहते थे। इसके लिए वे सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए देश के सीधे-साधे युवाओं को गुमराह कर रहे थे और भारत-विरोधी साजिश के लिए विदेशों में बैठे अपने आकाओं (हैंडलर्स) के साथ लगातार संपर्क में थे।*

### *अन्य चेहरे भी होंगे बेनकाब*

*एनआईए ने बताया कि बुधवार को जिन ठिकानों पर छापे मारे गए, उनका चुनाव पहले से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने मोबाइल, लैपटॉप जैसे कई डिजिटल डिवाइस जब्त किए हैं। रेडिकलाइजेशन के इस जाल और इसमें शामिल अन्य चेहरों को बेनकाब करने के लिए अब इन सभी जब्त किए गए डिवाइस की फॉरेंसिक जांच की जाएगी।*

# सैटेलाइट और संचार सेवाओं को मिलेगी मजबूती, रेडियो तरंगों से रहेंगे अप्रभावित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी के पास मौजूद अंतरिक्ष क्षेत्र को बेहतर तरीके से समझने की दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। भारत के वैज्ञानिकों ने पहली बार भारतीय क्षेत्र के ऊपरी आयनमंडल का सटीक मानचित्र तैयार करने की नई तकनीक विकसित की है। यह तकनीक जमीन और अंतरिक्ष आधारित आंकड़ों को मिलाकर तैयार की गई है। इससे सैटेलाइट संचालन, संचार प्रणाली और नेविगेशन सेवाओं को और अधिक भरोसेमंद बनाने में मदद मिलेगी।

» आयनमंडल का सटीक मानचित्र तैयार करने की तकनीक विकसित

### *इलेक्ट्रॉन की स्थिति का सटीक अनुमान लगाया*

*भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष और जमीन से प्राप्त आंकड़ों को मिलाकर ऊपरी आयनमंडल में इलेक्ट्रॉन की स्थिति का ज्यादा सटीक अनुमान लगाया है। यह तरीका भारत के क्षेत्र में अंतरिक्ष मौसम की बेहतर भविष्यवाणी करने में मदद करेगा। इससे भविष्य में सैटेलाइट, संचार और नेविगेशन प्रणालियों की विश्वसनीयता को और मजबूत किया जा सकेगा। यह अध्ययन भारतीय क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।*




# ग्लोबल एयर पावर्स रैंकिंग में वायुसेना छठे नंबर पर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर के देशों की सैन्य विमानन की क्षमता और युद्धक क्षमता का सटीक विश्लेषण करने वाली संस्था ‘वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट' ने वर्ष 2026 की ‘ग्लोबल एयर पावर्स रैंकिंग’ जारी की है। ग्लोबल एयर पावर्स रैंकिंग में 103 देशों की 129 रक्षा विमानन इकाइयों और लगभग 48,082 सैन्य विमानों के गहन और कड़े वैज्ञानिक मूल्यांकन के बाद, भारतीय वायुसेना दुनिया की छठी सबसे शक्तिशाली वायुसेना के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस रैंकिंग में चीन और जापान को भी पीछे छोड़ दिया है।

### चढ़ावा चोरी पर गोपाल राव ने कहा

# मैं पद पर बना हूं, मंदिर प्रशासक पद से हटाने की सूचना मात्र अफवाह

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या राम मंदिर दान चोरी मामले में विवाद में प्रशासक गोपाल राव की भूमिका को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच अफवाह उड़ी कि राव को प्रशासक की भूमिका से हटा दिया गया है। बुधवार को वैदेही भवन में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी से मुलाकात की। उन्हें रदान चोरी मामले के बाद लिस्ट से हटाने का मामला गरमाया था। अब उन्होंने इस प्रकार की अफवाहों पर विराम लगाया है।



### राम मंदिर ट्रस्ट की अहम बैठकें हुई

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की एसआईटी जांच के बीच बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने अयोध्या में कई बैठकें कीं। ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुछ दिन पहले ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक के बाद हुई थी, जिसमें पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के नैतिक आधार पर दिए गए इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28